कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की प्रतीक देवी माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि शासकीय आरडी तिवारी स्कूल को छत्तीसगढ़ की आदर्श स्कूल बनाने संकल्प लेकर कार्य करें। उन्होने कहा कि उनका संकल्प है कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तहत कोई भी शासकीय स्कूल शौचालय विहीन ना रहे और सभी शासकीय स्कूलों में पीने की पानी की टंकी अनिवार्य रूप से हो। छात्रों एवं छात्राओं के लिए पृथक शौचालय हो एवं सभी शासकीय स्कूल परिसर स्वच्छ और सुन्दर रहे। यहां पढने वाले गरीब वर्ग के बच्चों को स्मार्ट क्लॉस रूम, स्वच्छ सुन्दर परिवेश सहित सभी आवश्यक मौलिक सुविधाएं मिले एवं अध्ययन हेतु शांत और अच्छा वातावरण प्राप्त हो। यहां के बच्चों की प्रतिभा निखारने का कार्य हो। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों को स्वच्छ व सुन्दर बनाने 3 करोड रू. का प्रावधान रखा गया है। पूर्व मंत्री व पश्चिम विधायक ने अधिकारियों को नये विकास कार्य स्कूल परिसर में समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सतत मॉनिटरिंग कर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होने प्रोत्साहन स्वरूप घोषणा की कि स्कूल में प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जायेगी। वे मन लगाकर पढ़े एवं मैरिट में स्थान प्राप्त करें। पूर्व मंत्री एवं पश्चिम विधायक ने नगर निगम एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल से शासकीय आरडी तिवारी स्कूल के कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण मॉनिटरिंग कर करवाने एवं स्कूल के बच्चों के विकास के लिए संरक्षण देने वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय को सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने अपील की। पूर्व मंत्री एवं पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकांत राठौड से शहर को विकास कार्यो के बाद बैनर पोस्टर उस पर चिपकाकर बदरंग बनाने का कार्य करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों पर रायपुर नगर पालिक निगम प्रशासन के माध्यम से व्यवस्था सुधारने निर्णय लेकर संबंधित पर नियमानुसार कार्यवाही करने एफआईआर दर्ज करवाने का कार्य अभियान प्रारंभ करने की रायपुर शहर के हित में अपील की। उन्होने कहा कि उन्हे जनता ने चुनकर भेजा है और उन्हें रायपुर शहर से लगाव है ।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव पर 29 अप्रैल को नगर निगम रायपुर की विशेष बैठक



**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सचिवालय द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर की विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक दिनांक 29 अप्रैल.2025 मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान जीई मार्ग रायपुर मे एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पर अनुमोदनार्थ आहुत की गयी है. उद्देश्यः एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है। ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। प्रशासनिक और आर्थिक दक्षताः बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चों में कमी आएगी और सुरक्षा बलो, शिक्षको और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा एवं प्रशासनिक कार्य में गति आयेगी। विकास कार्यों में निरंतरताः बार-बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यो परियोजनाएँ, शासकीय भर्तिया रूक जाती हैं।

# आकाशवाणी से विजय मिश्रा की कविताओं का प्रसारण



**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। आकाशवाणी रायपुर के साहित्यिक कार्यक्रम पल्लवी के अंतर्गत प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा 'अमित' अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। 26 अप्रैल शनिवार को सुबह 10 बजे प्रसारित इसी कार्यक्रम में डॉ भुवाल सिंह ठाकुर की वार्ता भारतीय संत परम्परा का भी प्रसारण किया जाएगा।

आकाशवाणी रायपुर के इस साहित्यिक कार्यक्रम पल्लवी के सम्पादक -प्रस्तुतकर्ता कार्यक्रम अधिशासी प्रकाश उदय होंगे। विदित हो कि विजय मिश्रा 'अमित' की कविताएं यथार्थवादी हैं।समाज की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार करती हुई व्याप्त समस्याओं का समाधान भी व्यक्त करती हैं।

# भीषण गर्मी में बिजली की मांग 7000 मेगावॉट पार

- एक वर्ष में 10 प्रतिशत शीर्ष मांग वृद्धि
- महंगे में खरीद कर भी निर्धारित दर पर आपूर्ति का प्रबंधन
- कॉल सेंटर में 1 लाख 56 हजार शिकायतें आयीं,जिनका त्वरित गति से किया गया निवारण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई। भारी मांग के चलते आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। जिसके कारण विगत 15 दिनों में



केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण यथासमय किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) के जरिये मंहगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। पिछले साल मई महीने में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल महीने में ही 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई है। यानी एक साल में ही 10 प्रतिशत (638 मेगावॉट) की वृद्धि हुई है। यह प्रदेश में बढ़ते सामाजिक- आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक भी है। पॉवर कंपनी इसकी आपूर्ति के लिए विशेष योजना के साथ कार्य कर रही है, जिसमें मांग अधिक होने पर एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) से बिजली क्रय की जाती है। वन नेशन, वन ग्रिड के आधार पर देशभर के सभी विद्युत घरों की उत्पादित बिजली ग्रिड में डाली जाती है, उसे राज्य आवश्यकतानुसार क्रय करके अपने राज्य में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन पूर्व मांग बताई जाती है। फिर मांग के अनुसार हर 15 मिनट के स्लैब में बिजली की दरें जारी होती हैं, जिस राज्य की दर अधिक रहती है, उसे विद्युत उत्पादक कंपनियां बिजली बेचती हैं। छत्तीसगढ़ में बिजली की औसत मांग दिन में 5,120 मेगावॉट रहती है। परन्तु पीक ऑवर (शाम 6 बजे से रात तक) में यह मांग 6,500 से 7,000 मेगावॉट से अधिक पहुंच रही है। इसे पूरा करने लगभग 800 मेगावॉट बिजली एचडीपीएम के जरिये ली जा रही है। इसमें अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है। कई बार इतनी अधिक दर पर भी बिजली नहीं मिलती। 24 अप्रैल को पॉवर कंपनी ने 6,800 मेगावॉट बिजली की मांग का आकलन करते हुए अतिरिक्त बिजली मार्केट से क्रय करने की प्लानिंग की। इसी तरह प्रतिदिन एक अलग टीम प्रदेश में संभावित मांग और आपूर्ति का तालमेल करते हुए पॉवर परचेज करती है। सामान्य तौर पर राज्य में उत्पादित बिजली की दर 4 से 8 रूपए प्रति यूनिट तक रहती है। उपभोक्ताओं के हित में खुले मार्केट से बिजली क्रय करने पर अधिक कीमत देनी पड़ती है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की क्षमता 2978.7 मेगावॉट है। इसके अलावा राज्य सरकार से अनुबंध के आधार पर सेंट्रल सेक्टर से 3,380 मेगावॉट बिजली मिलती है। इसके अलावा सोलर संयंत्र से लगभग 700 मेगावॉट बिजली मिलती है। सूरज की रोशनी रहने पर ही सोलर संयंत्र से विद्युत उत्पादन होता

# नगर निगम ने मेसर्स ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. को निगम कार्यो हेतु अपात्र (ब्लैक लिस्ट) घोषित किया

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम के भवन अनुज्ञा विभाग द्वारा मेसर्स ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. डायरेक्टर विश्वरंजन पुरोहित न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को निगम कार्यो हेतु अपात्र (ब्लैक लिस्ट) घोषित कर दिया गया है।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा दिनांक 22.12.2023 को प्रकाशित निविदा के अंतर्गत बी.ओ.टी. प्रणाली के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे साक्षरता चैक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक पर नवीन यूनिपोल संरचनाओं की स्थापना एवं उनके माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु संस्था को कार्यादेश दिनांक 15 मार्च 2024 द्वारा प्रदत्त किया गया था। उक्त अनुबंध की तिथि 15 मार्च 2024 थी। निविदा शर्त की कंडिका क्रमांक (09) अनुसार नियत समय में 44,38,317/- (रुपये चवालीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ सत्रह मात्र) की राशि विज्ञापन शुल्क के रूप में निगम को जमा कराना अपेक्षित था, जिसके लिए संस्था को विभिन्न कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से समय-समय पर सूचित किया गया, तथापि उक्त राशि आज दिनांक तक अप्राप्त है। उपरोक्त के अतिरिक्त, निविदा समूह ए बी डी के शास्त्री चैक, भगतसिंह चैक, खालसा स्कूल एवं फाफाडीह चैक में 30 मिनी यूनिपोल, साक्षरता चैक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक में 03 यूनिपोल बोर्ड, भगत सिंह चैक सिंचाई कॉलोनी में 01 यूनिपोल बोर्ड, आनंद नगर, तेलीबांधा एवं पंडरी में लगाये गये गेन्ट्री, स्मार्ट टॉयलेट के एवज में निर्मित यूनीपोल एवं मोवा ओवरब्रिज से अम्बुजा मॉल तक के डिवाइडर में लगे क्योस्क बोर्ड आदि में समय-सीमा में भुगतान नहीं करने तथा भुगतान हेतु दिये गये । चेक बाउंस होने के कारण तथा बाउंस होने के उपरांत बारम्बार समय प्रदान करने के उपरांत भी बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण अनुबंध निरस्त करते हुए निगम द्वारा ऐसे समस्त स्थल चिन्हित करते हुए उनकी संरचनाएँ राजसात कर ली गई हैं। विभिन्न निविदा अंतर्गत अनुबंध निरस्तीकरण एवं मीडिया राजसात होने के उपरांत आपको बकाया राशि रू. 7.27.82,626/- जमा कराये जाने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। किन्तु आपके द्वारा अद्यतन उक्त बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। संस्था द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने से निगम की राजस्व का हानि हुई है।

# जिला देवांगन कोस्टा समाज गरियाबंद का पांचवा वार्षिक अधिवेशन कल

- बिंद्रा नवागढ़ राज देवांगन समाज गरियाबंद के पदाधिकारियों ने देवांगन डॉ ओमप्रकाश देवांगन से भेंट कर मुख्य अतिथि आमंत्रण सौपा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**



बिंद्रा नवागढ़ राज देवांगन समाज के तत्वाधान में देवांगन कोस्टा समाज का पांचवा वार्षिक अधिवेशन 27 अप्रैल दिन रविवार को सामाजिक भवन मजर कट्टा गरियाबंद में आयोजित होने जा रहा है जिसमें आयोजन की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । वहीं बिंद्रा नवागढ़ राज देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने आज प्रदेश देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन से निवास पर सौजन्य मुलाकात की और मुलाकात में डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन को मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रण पत्र सौपा तथा अपील की । जिसमें आमंत्रण को स्वीकार करते हुए डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन ने पदाधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और आस्वस्त किया कि वह कार्यक्रम में निश्चित तौर पर शामिल होंगे । बता दे की बिंद्रा नवागढ़ राज देवांगन समाज गरियाबंद के तत्वाधान में अधिवेशन होने जा रहा है । आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला देवांगन कोस्टा समाज गरियाबंद के जिला अध्यक्ष चिरंजीव देवांगन अध्यक्षता कर रहे हैं । वहीं कार्यक्रम में प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक कुंज लाल देवांगन महेश देवांगन राम गोपाल देवांगन प्रदेश महासचिव परस देवांगन प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ देवांगन समाज के धनेश देवांगन विशेष रूप से शामिल होंगे ।

# शिक्षा, शोध एवं प्रौद्योगिकी विकास हेतु मिलकर काम करेंगे राज्य के दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा आई.आई.टी., भिलाई के बीच हुआ पांच वर्षीय समझौता

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), भिलाई शिक्षा, शोध तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों के विद्यार्थियां के प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण स्नातकोत्तर शोध, संकाय शोध तथा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास की संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आज यहां दोनों संस्थानों के मध्य पांच वर्षीय समझौता किया गया। समझौता ज्ञापन पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने हस्ताक्षर किये। प्रदेश के दो उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के बीच हुए समझौते से राज्य में शोध, अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), भिलाई एवं छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी के मध्य स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एवं प्रौद्योगिकी विकास में सहयोग हेतु भी समझौता ज्ञापन किया गया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के मध्य संपन्न समझौते के तहत दोनो संस्थानों में स्नातकोत्तर तथा शोध पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शोध कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए दोनों संस्थान एक-दूसरे को मान्यता देंगे। दोनों पक्ष चुनौतीपूर्ण शोध समस्याओं पर केन्द्रित संयुक्त सहयोगी शोध में भी संलग्न होंगे, जिससे समस्या की पहचान, जैविक सामग्री के आदान-प्रदान तथा शोध कार्यों का संपादन किया जा सकेगा। दोनों संस्थानों में उपलब्ध शोध सुविधाओं और पुस्तकालय सुविधाओं का उपयोग भी किया जा सकेगा। शैक्षणिक शोध और प्रशिक्षण के लिए छात्रों का आदान-प्रदान होगा तथा वे दोनों संस्थानों में उपलब्ध छात्रावास सुविधा का लाभ भी ले सकेंगे। दोनों संस्थान उपलब्ध सूचनाओं, वैज्ञानिक या तकनीकी डेटा, प्रौद्योगिकी तथा अन्य जानकारियों का भी परस्पर उपयोग कर सकेंगे।

# निगम जोन 6 ने भाठागांव मुख्य मार्ग में निर्मित अवैध व्यवसायिक निर्माण को तोड़ा

रायपुर , प्रतिदिन राजधानी। नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जोन 6 के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं नगर निवेश विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में जोन 6 के तहत भाठागांव मुख्य मार्ग में अवैध रूप से निर्मित व्यवसायिक निर्माण को अभियानपूर्वक पुलिस बल की उपस्थिति में श्रमिको की सहायता से जेसीबी मशीन से तोडने की कार्रवाई की।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर**

::: संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना :

क्रमांक 1324/NIT-01/2025/व.ले.लि. दिनांक 24.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 01 T0011 | जिला बीजापुर आवापल्ली बासागुडा जगरगुण्डा मार्ग के किमी 29/4 में क्षतिग्रस्त पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 5.94 लाख |
| 01 T0012 | बीजापुर आवापल्ली बासागुडा जगरगुण्डा मार्ग के किमी 33/10 में विशेष मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 8.06 लाख |

नोटः-
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.05.2025
2. निविदा संबंधी जानकारी विभागीय वेब पोर्टल cg.nic.in/pwdraipur से अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

G-252600506/3


# निगम जोन 4 में 3316 वर्गफीट भूखंड में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत सड़क चैड़ाई की ओर किये निर्माण को तोड़ा

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा अवैध निर्माणों के विरूद्ध अभियान पूर्वक कार्यवाही नगर निवेषक आभाष मिश्रा एवं जोन कमिष्नरों के मार्गदर्षन में जोन नगर निवेष विभाग अभियंताओं द्वारा की गई है। जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह के नेतृत्व और उप अभियंता नवीन वर्मा की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के नगर निवेश विभाग की



टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज जोन क्रमांक 04 के तहत वार्ड क्रमांक 44 स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के तहत बांके बिहारी मंदिर के सामने रवि गोवानी एवं श्रीमती नीलम गोवानी द्वारा लगभग 3316 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत किये गए सड़क चैड़ाई की ओर निर्माण को तोडने की कार्यवाही की गयी एवं भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया । वहीं जोन 8 जोन कमिश्नर के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व और उप अभियंता लोचन प्रसाद चैहान की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# देवांगन समाज गरियाबंद का वार्षिक महाअधिवेशन 27 को

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। ज़िला देवांगन समाज गरियाबंद का महाअधिवेशन 27 अप्रैल को शाम 5 बजे गरियाबंद में होगा । गरियाबंद ज़िला का एक संगठन में विलय होने के बाद यह पहला महाअधिवेशन है। बैठक में सभी राज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे । महा अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रदेश देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन रहेंगे । अध्यक्षता गरियाबंद ज़िला देवांगन समाज के अध्यक्ष श्री चिरंजीव देवांगन करेंगे । विशेष अतिथि प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षकगण कुंजलाल देवांगन, महेश देवांगन रामगोपाल देवांगन, प्रदेश महासचिव श्री परस देवांगन, राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री धनेश देवांगन होंगे । ज़िला देवांगन समाज के अध्यक्ष श्री चिरंजीव देवांगन ने बताया कि शाम 6 बजे माँ परमेश्वरी जी पूजा अर्चना एवं आरती से होगा। 6:15 बजे अतिथियों का स्वागत एवं अतिथियों का उद्बोधन होगा । रात 8 बजे भोजन प्रसादी के तत्काल बाद रात 9 बजे से दूसरा सत्र प्रारंभ होगा। इसमें सामाजिक गतिविधियों पर निर्णय लिए जाएँगे और जातियाँ पंचायत लगाया जाएगा ।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 26, अप्रैल 2025

## सम्पादकीय

# पहलगाम : अब भारत की पारी शुरू

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफबंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

# पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता रद्द किया जाना भारत के हित में है

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाली, युद्धबंदियों की रिहाई और आपसी विवादों को शांतिपूर्वक हल करना था। परंतु 21वीं सदी के पहले दो दशकों में पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा उल्लंघन, आतंकवाद को समर्थन और कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयासों ने शिमला समझौते की आत्मा को गंभीर रूप से आहत किया है। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा इस समझौते को औपचारिक रूप से 'निरस्त' करना एक प्रतीकात्मक घटना है, परंतु इसके निहितार्थ भारत के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।
इस आलेख में हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे कि पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को रद्द किया जाना भारत के लिए कैसे लाभकारी है, किन ऐतिहासिक तथ्यों, आंकड़ों और घटनाओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है और इसके दीर्घकालिक रणनीतिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। शिमला समझौता: संक्षिप्त पृष्ठभूमि 1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात भारत ने पाकिस्तान के 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बनाया था। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान, स्वतंत्र राष्ट्र 'बांग्लादेश' बना। इन परिस्थितियों में शांति बहाली के उद्देश्य से तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिक़ार अली भुट्टो के बीच शिमला में समझौता हुआ। इसके प्रमुख बिंदु थे:



– डॉ. विश्वास चौहान

भारत और पाकिस्तान अपने मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे। युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी की जाएगी। दोनों देश एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। नियंत्रण रेखा को दोनों पक्ष सम्मान देंगे। लेकिन उक्त समझौते का पाकिस्तान की ओर से निरन्तर उल्लंघन की घटनाएं हुई तथा शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान ने कभी इस समझौते की आत्मा का पालन नहीं किया। पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता उल्लंघन की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार थी –

1. कारगिल युद्ध (1999)पाकिस्तानी सेना ने भारतीय नियंत्रण वाले कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर ली, जबकि शिमला समझौते के अनुसार, नियंत्रण रेखा का सम्मान अनिवार्य था।

2. सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन2003 में संघर्ष विराम समझौता हुआ, परंतु 2010 से 2020 के बीच पाकिस्तान ने औसतन प्रति वर्ष 1500 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया (गृह मंत्रालय के आंकड़े)।

3. आतंकवाद को समर्थनपाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद आदि ने भारत में कई आतंकी हमले किए:

साल 2001 में संसद पर हमला, 2008 मुंबई हमले (166 मृतक), 2016 पठानकोट हमला, 2019 पुलवामा हमला (40 जवान शहीद) ये घटनाएं शिमला समझौते की शांति एवं आपसी सम्मान की भावना के विरुद्ध थीं।

वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को अप्रासंगिक और निष्प्रभावी बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य पुनर्गठन ने यथास्थिति को बदल दिया है। मेरी राय में पाकिस्तान का यह कदम भारत के लिए झटका नहीं बल्कि एक रणनीतिक अवसर है। अब प्रश्न यह है कि पाकिस्तान का यह कदम भारत के हित में कैसे है? तो इस सम्बन्ध में निम्नानुसार तर्क दिए जा सकते हैं। पहला यह कि भारत अब द्विपक्षीयता की बाध्यता से मुक्त हो गया है क्योंकि शिमला समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान विवादों का समाधान केवल द्विपक्षीय तरीके से करना था। अब भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए स्वतंत्र है और विशेषकर आतंकवाद जैसे विषयों पर व्यापक वैश्विक समर्थन प्राप्त कर सकता है। दूसरा यह कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता को इस कदम से क्षति पहुंची है क्योंकि शिमला समझौता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप था और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता मानी जाती है। पाकिस्तान द्वारा इसे रद्द करना उसकी अस्थिर और गैर-जिम्मेदार छवि को और मजबूत करता है। इससे भारत को विश्व स्तर पर कूटनीतिक लाभ मिलेगा।

तीसरा, भारत को अब कूटनीतिक आक्रमकता का अवसर मिल गया है क्योंकि पाकिस्तान द्वारा यह समझौता रद्द करने से भारत अब अपने पक्ष को अन्य देशों के सामने खुलकर रख सकता है, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा लगातार प्रायोजित आतंकवाद और सीमा उल्लंघनों पर। त्र20, स्ट्ह और क्क्ह्रुष्ट्स जैसे मंचों पर भारत इस मुद्दे को मजबूती से उठा सकता है जो पहले इस समझौते से बंधा होने से नहीं उठा पाता था। चौथा यह कि अब स्रुष्ट की स्थिति और रक्षा नीति को सुदृढ़ किया जा सकेगा क्योंकि अब भारत को नियंत्रण रेखा की 'यथास्थिति' बनाए रखने की बाध्यता नहीं है। इससे सामरिक रूप से पाकिस्तान की ओर अधिक सक्रिय रक्षा नीति अपनाने की संभावनाएं बनती हैं- जैसे सर्जिकल स्ट्राइक (2016) और एयर स्ट्राइक (2019) जैसे उपायों को वैधानिक रूप से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

# क्राँतिकारी बाबू कुँअर सिंह, 80 वर्ष की आयु में संभाली थी क्रांति की कमान

-रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में ऐसे असंख्य बलिदानी हुये जिन्होंने न अपने परिवार की चिंता की न आयु बाधा बनी। वे भारत की स्वाधीनता के लिये न्यौछावर हो गये। ऐसे ही बलिदानी थे बाबू कुँअर सिंह, जिन्होंने हाथ में बंदूक लेकर 80 वर्ष की आयु में क्राँति का मोर्चा संभाला। उनका जन्म 1777 को बिहार के शाहाबाद जिला अंतर्गत जगदीशपुर गांव में हुआ था। शाहाबाद का पुराना नाम भोजपुर था। बाबू कुँअर सिंह भोजपुर बसाने वाले इतिहास प्रसिद्ध राजा भोज के वंशज माने जाते थे लेकिन समय के साथ यह वंश परंपरा जगदीशपुर के जागीरदार तक पहुंची। अंग्रेजी राज में इस परिवार ने समन्वय का मार्ग निकाला। अंग्रेजों से संबंध तो ठीक रखे लेकिन अपनी जागीर के अंतर्गत सामान्य जनों पर कोई अतिरिक्त कर न थोपे। कृषि एवं खनिज उत्पाद का एक निश्चित लाभांश संबंधित प्रजा जनों को मिले इसका सिद्धांत बनाकर ही वे अपनी जागीर का संचालन करते थे इसलिए वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय और सम्मानित भी थे।

समय के साथ 1857 की क्रान्ति आरंभ हुई। इस क्राँति का उद्घोष बंगाल की बैरकपुर छावनी से क्राँतिकारी सिपाही मंगल पाडेय ने कर दी थी। अंग्रेजों ने कुछ सैनिकों का कोर्ट मार्शल किया और कुछ को अपमानित करके बर्खास्त कर दिया। छावनी में बर्खास्त किये गये सैनिकों में एक बड़ी संख्या भोजपुरी सैनिकों की थी। वे



बर्खास्त और अपमानित होकर भोजपुर लौटे। इसकी प्रतिक्रिया स्थानीय नागरिकों में हुई। जगदीशपुर में सभा हुई और अंग्रेजों से भारत को मुक्त कराने का संकल्प लिया गया। सभी सैनिक और नागरिक एकत्र होकर बाबू कुँअर सिंह के पास आये और उनसे नेतृत्व संभालने का अनुरोध किया। तब बाबू कुँअर सिंह की आयु 80 वर्ष थी फिर भी उन्होंने मातृभूमि की मुक्ति के संघर्ष का मार्ग चुना। पूरे भारत में यह क्राँति मई माह में आरंभ हुई लेकिन जगदीशपुर में इसका उद्घोष अप्रैल 1857 में ही हो गया था। बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में इन सैनिकों ने पहले कारागार से सभी बंदियों को मुक्त किया और अंग्रेजों के खजाने को अपने अधिकार में ले लिया। यह तिथि 27 अप्रैल 1857 थी। इसके बाद क्राँतिकारी सैनिक दानापुर सैन्य छावनी पहुंचे और दानापुर छावनी के भारतीय सैनिकों को अपने साथ लिया और भोजपुर, शाहाबाद, आरा आदि आसपास के सभी नगरों को अपने अधिकार में ले लिया।

इस विजित क्षेत्र पर प्रशासन संचालन की व्यवस्था करके बाबू कुँअर सिंह के नेतृत्व में सैनिकों ने बीबीगंज पर धावा बोला और उसपर अधिकार कर लिया। अंग्रेज समर्थक टुकड़ी ने या तो घुटने टेक दिये अथवा भाग गई। यह 2 अगस्त 1857 की तिथि थी। पर क्राँतिकारियों की यह स्वतंत्र सत्ता अधिक न चल सकी। सितम्बर माह में अंग्रेजी फौज ने पहले आरा पर हमला बोला फिर बीबीगंज पर। अंग्रेजों के पास आधुनिक हथियारों से युक्त सैन्य टुकड़ी और तोखाना था। आरा और बीबीगंज में अंग्रेजों के भारी पड़ते ही क्राँतिकारी जगदीशपुर आ गये। अंग्रेजी फौज ने जगदीशपुर घेरा और गोलाबारी से किले की दीवारें ध्वस्त कर दीं। एक भी व्यक्ति को जीवित न छोड़ा। महल और किला दोनों खंडहर हो गये।

# मध्य प्रदेश में मोहन सरकार की कृषि क्षेत्र में दंड नीति

– डॉ. मयंक चतुर्वेदी

संत तुलसीदास ने रामचरित मानस के जरिए सामाजिक जीवन के आदर्श को स्थापित किया है, प्रत्येक स्थिति में सीख देने के लिए प्रभु श्रीराम और उनके इर्द-गिर्द अनेकों लोगों के कई उदाहरण इस ग्रंथ में मौजूद हैं। एक प्रसंग लंका चढ़ाई के समय श्रीराम ने विनयपूर्वक समुद्र से मार्ग देने की गुहार लगाने के संबंध में भी है। लेकिन जब देखा कि समुद्र से आग्रह करते हुए तीन दिन बीत गए, किंतु समुद्र पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है, तब भगवान राम ने अपने सामर्थ्य की शक्ति का उपयोग कर दंड के रास्ते की अनिवार्यता को व्यवहार में लाने की ठानी। इस संपूर्ण घटना के बारे में संत तुलसी लिखते हैं-

विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति।बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति।।

रामचरित मानस की इस पंक्ति की जो सबसे बड़ी सीख है, वह यही है कि जब अनेक बार आग्रह से काम न बने, तब दंड ही अंतिम विधान है क्योंकि 'भय बिनु होइ न प्रीति।' वस्तुत: मध्य प्रदेश में भी यही स्थिति बनी है और इस बार राज्य के सामने हैं उसके अपने किसान भाई। जिनमें अनेकों किसानों को कई बार समझाने के बाद वे अपनी सुविधा के लिए खेतों में नरवाई जलाने के कृत्य में लगे हुए हैं, जबकि वह भी जानते हैं कि यह कृत्य 'पर्यावरण' की दृष्टि से बेहद नुकसान दायक है।

वस्तुत: इस संबंध में एक नया निर्णय राज्य की डॉ. मोहन यादव सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री ने साफ कह दिया है, फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना' का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय 01 मई से लागू होगा।एक तरह से देखा जाए तो इस तरह का सख्त निर्णय लेने की आज बेहद आवश्यकता थी, ताकि जो कृषक पर्यावरणीय नुकसान में जाने-अनजाने भागीदार हो रहे हैं, उसे रोका जा सके।

## अजब-गजब

# बछड़े की जान खतरे में देखते ही शेरों के झुंड से भिड़ गई भैंस

सोशल मीडिया पर अक्सर ऐसे वीडियो खूब वायरल होते रहते हैं, जिनमें हमें देखने को मिलता है कि एक मां अपने बच्चे के लिए किसी भी हद तक गुज़र जाती है, फिर चाहे उसे अपनी जान ही क्यों न देनी पड़ जाए. फिर चाहे वो इंसान हो या जानवर, मां तो मां होती है. वो अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी मुश्किल का सामना कर सकती है. ऐसा ही एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक भैंस अपने बच्चे की जान बचाने के लिए शेरों के झुंड से लड़ जाती है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस क्लिप का कैप्शन था-नाटकीय सुबह, सभी रोंगई उप-वयस्क एक भैंस के बछड़े को मार रहे थे, मां के लिए हार माननामुश्किल था, झुंड के सभी सदस्य बछड़े की रक्षा



कर रहे थे. दृश्य में एक शेरनी अपने छोटे शावकों के साथ शिकार करती हुई दिखाई दे रही है. तभी एक शेर बछड़े पर नज़र डालता है और झपटता है. एक पल के लिए, ऐसा लगता है कि शिकार सफल हो गया है. इसके बाद जो हुआ वह किसी आश्चर्य से कम नहीं है. बछड़े की मां पूरी ताकत जुटाकर अपने सींग नीचे करके वापस आती है और बछड़े पर हमला करने वाले शेर को उठाकर दूर फेंक देती है, जिससे वह भाग खड़ा होता है. जैसे ही और शेर हमला करने आते हैं, अकेली मां अपनी लड़ाई जारी रखती है. तनाव तब बढ़ता है जब शेर फिर से इकट्ठे होने की कोशिश करते हैं – लेकिन फिर, भैंसों का बाकी झुंड वापस आ जाता है.

## सेहद

# भीगी किशमिश से 15 दिन में मिलेंगे कई फायदे

किशमिश का सुबह खाली पेट सेवन करने से शरीर को ज्यादा फायदा मिलता है. इंस्टाग्राम पर डॉक्टर कविता खन्ना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो सुबह खाली पेट भीगी हुई किशमिश खाने के फायदे बता रही हैं.

1. एनीमिया से छुटकारा- हर दिन सुबह खाली पेट भीगी हुई किशमिश खाना आयरन की कमी को दूर करने में बेहद फायदेमंद हो सकता है. किशमिश में आयरन की भरपूर मात्रा पाई जाती है. जो खून बढ़ाने में मदद करती है. खासतौर पर महिलाओं के लिए इसका सेवन फायदेमंद हैं, क्योंकि भारत में अधिकांश महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त होती हैं. इसके अलावा किशमिश में आर्जिनिन नामक प्रोटीन भी पाया जाता है. जो बॉडी में ऊर्जा बढ़ाने में सहायक होता है. अगर आप सुबह उठते ही थकावट या कमजोरी महसूस करते हैं, तो भीगी किशमिश का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है.



2. ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है- सुबह खाली पेट भीगी हुई किशमिश खाने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है. किशमिश में पोटेशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है. जो शरीर में सोडियम के लेवल को बैलेंस करने में मदद करता है. ये बैलेंस ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है. इसके अलावा किशमिश में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर ब्लड सेल्स की सेहत सुधारते हैं और हार्ट को मजबूत बनाते हैं. कुछ स्टडी में ये भी पाया गया है कि रेगुलर किशमिश का सेवन करने से हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) की समस्या में सुधार देखा गया है. अगर आप पहले से ब्लड प्रेशर की दवा ले रहे हैं

**मेष**
आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में सौम्यता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं, जिससे आप घबराएंगे नहीं। परिवार में कोई शुभ और मांगलिक कार्यक्रम होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई पुरानी समस्या के बढ़ने से आपको डॉक्टर के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। आपका कोई पुराना लेन-देन चुकता होगा। यदि आप काम को लेकर कोई बैंक लोन दे रहे हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी किसी गलती को छुपाने के लिए कार्यक्षेत्र में कोई झूठ बोल सकते हैं, जो आपके सामने आ सकता है। आपके मन में उलझनें रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी से मांगकर वाहन न चलाएं, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप कोई कदम बहुत ही सोच समझकर उठाएं। यदि आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना है, तो उसके लिए आपको मार्केट की चालों को ध्यान में रखकर इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपकी अपने भाई बहनों से भी प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद हो, तो उसमें आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा अवश्य करें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। सरकारी काम यदि आपका रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य की सेहत खराब रहेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका डूबा धन आपको मिल सकता है और प्रॉपर्टी में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाएंगे।

**वृश्चिक**
आज आपको कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। परिवार में यदि कोई वाद-विवाद लंबे समय से पैर पसारे हुआ था, तो उसके लिए आप अपने वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। आपके ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई भी ऐसी बात ना बोले, जिससे कि आपके आपसी रिश्ते खराब हो।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। यदि आप किसी संपत्ति की खरीद फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी और किसी कानूनी मामले में भी आपको जीत मिलेगी। आप अपने परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को लेकर परेशान रहेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिसमें आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहने वाला है। आपको बिजनेस में नुकसान होने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से कहीं बाहर जा सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से भी सावधान रहने की आवश्यकता है।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समता शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, सेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लैंडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंड्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, चिमेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582593

**टेप एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू लालपारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
खादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# एक कॉमेंट के कारण 1 सेकंड में सब खत्म हो जाता है, अलर्ट रहना पड़ता है : इमरान हाशमी



**इमरान हाशमी ने बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के प्रदर्शन, सोशल मीडिया के प्रभाव और व्यक्तिगत जीवन पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि सिनेमा में दर्शकों की पसंद बदल रही है और फिल्म निर्माताओं को संस्कृति से जुड़ी कहानियों पर ध्यान देना चाहिए। सोशल मीडिया पर संवेदनशीलता को देखते हुए, वे सतर्क रहते हैं।**

**छावा को अपवाद मान लिया जाए तो दिग्गज स्टार्स भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा नहीं दिखा पाए। इसकी वजह क्या है? ऐसे में इस बार लोगों को आपसे बहुत उम्मीद है?**

दर्शकों की उम्मीद जायज है मगर हर फिल्म की रिलीज से पहले नर्वसनेस तो होती ही है। ये आज से नहीं है, ये तो 2003 से हैं, जब मैंने अपनी पहली फिल्म फुटपाथ की थी। मगर अब सिनेमा बहुत टेस्टिंग हो गया है। ओटीटी आ गया है, लोगों के पास फोन है और एक अलग तरह का डिस्ट्रैक्शन है। फिर जिस तरह की फिल्में हमारे यहां बन रही हैं, वे विषय हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ी हुई नहीं हैं, तो ये सच है कि हम इस चीज से जूझ रहे हैं। मैं दुआ करता हूं कि हम जल्द से जल्द इस चीज से उबरें। मगर इतना जरूर कहूंगा कि हम लगातार मेहनत करें और अच्छी फिल्में बनाने की कोशिश करें। वैसे तो हर फिल्मकार एक अच्छी नियत से फिल्म बनाता है। कोई भी अपनी फिल्म का कचरा तो नहीं करना चाहता। मगर ऑडियंस की नब्ज पकड़ना आसान नहीं होता। सिनेमा हॉल में जाने के बाद फिल्म दर्शक की हो जाती है।

**सभी जानते हैं कि आप एक फाइटर पिता रहे हैं। बेटे अयान को कैंसर होने पर आपने भी एक जंग लड़ी, अब पलटकर देखने पर सबसे ज्यादा स्ट्रेंथ क्या लगती है?**

मैं इसके लिए ज्यादा क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगा क्योंकि हर मां-बाप का यही फर्ज होता है। यह जंग तो लड़नी ही थी। हम सभी में वह हिम्मत होती है कि उस जंग से पार पाना है। मैं आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मैं ही नहीं मेरी बीवी भी यही सोचती है कि हमने उन हालात में हिम्मत कैसे बटोरी। मगर मैं क्या हर पैरंट यही करेगा। आपके सामने जब ऐसे हालत होते हैं, तो उसका सामना करने के साथ-साथ उम्मीद रखना जरूरी होता है।

**आपने जब शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना ज्यादा एक्टिव नहीं था। मगर आज आपकी हर हरकत पर नजर रहती है, तो क्या आप अपने सोशल मीडिया को लेकर अलर्ट रहते हैं?**

इसलिए तो मैं इतना ज्यादा ट्वीट नहीं करता। (मुस्कुराते हैं) मुझे तो लगता है कि आजकल बहुत ही संवेदनशील माहौल हो गया है। आज हर किसी के पास अपनी राय रखने का एक जरिया है। समझ में नहीं आता कि लोग ज्यादा सेंसेटिव हो गए हैं या फिर बहुत जल्दी नाराज होने लगे हैं। कोई भी किसी भी बात पर बुरा मान सकता है, तो बहुत ही न्यूट्रल ढंग से चीजों को कहना पड़ता है। पॉलिटिकल, रिलीजियस या फिर निजी भावनाएं हों, कोई भी आहत हो सकता है, तो फिर उस स्पेस में जाने से बचना पड़ता है। आप अगर इसमें से कुछ भी व्यक्त करते हैं, तो आप पर उसकी उल्टी प्रतिक्रिया हो सकती है। एक बैशिंग और एग्रेसिव कैंसल कृचर भी शुरू हो गया है, जिसके चलते एक कमेंट के कारण आपने इतने सालों में जो कुछ बनाया है, उसे नेस्तनाबूत किया जा सकता है। सब खत्म किया जा सकता है। फिर उसके बाद आपके लिए वापसी का रास्ता नहीं बचता। यह कुछ सेकंड्स में सब जगह फैल जाता है और आप फिनिश हो जाते हो, तो आपको बहुत अलर्ट रहना पड़ता है।

**क्या आप आज भी सीरियल किसर की इमेज से जूझ रहे हैं क्योंकि आप बीते सालों में चीट इंडिया, चेहरे और बार्ड ऑफ ब्लड के बाद ग्राउंड ज़ीरो जैसा गंभीर और अर्थपूर्ण विषय कर रहे हैं?**

कितना खुश था मैं कि आपने मुझे सीरियल किलर (टाइगर 3) बना दिया। आपने कुछ तो अलग बोला। मैंने कभी किसी एक इमेज को नहीं भुनाया। मैंने काफी अलग-अलग तरह की फिल्में कीं, मगर वह सीरियल किसर वाली एक इमेज थी, जिसे हम परोस रहे थे। वह इमेज ऑडियंस की नजर में बन गई थी। मगर मैंने हमेशा विविधरंगी भूमिकाएं करने की कोशिश की। मेरे जो फैंस हैं, उन्होंने मेरे अलग तरह के काम को मान्यता भी दी है। मुझे आज भी सीरियल किसर कहने वाले शायद वह लोग हैं, जिन्होंने मेरे एक्सपिरिमेंटल रोल्स नहीं देखे। मेरी वह छवि तो काफी पहले टूट गई थी। अदाकार के रूप में मैं बहुत अलग-अलग फिल्में करना चाहता हूं और ग्राउंड जीरो भी एक अलग किस्म की फिल्म है। यह सत्य घटना पर आधारित है। साल 2001 में कश्मीर में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सीनियर अधिकारी नरेंद्र नाथ दुबे के साहसिक मिशन पर आधारित है।

**क्या यही कारण है कि आप अपनी पत्नी (परवीन शहानी) और बेटे (अयान) को सोशल मीडिया से दूर रखते हैं?**

वे तो खुद सोशल मीडिया पर आना नहीं चाहते और मेरी पहली फिल्म से मेरी पत्नी लाइमलाइट से दूर रही हैं। मेरी पत्नी चूंकि इस इंडस्ट्री से नहीं हैं तो वे नहीं चाहती कि लोग उन्हें सार्वजनिक रूप से पहचानें। इन सब चीजों से दूर रहकर वे अपनी आजादी का आनंद लेती हैं। कुछ महीनों पहले वे कुछ खरीददारी कर रही थीं तो लोगों ने उन्हें पहचान लिया और ये बात उनको बिलकुल भी अच्छी नहीं लगी। वे इन चीजों के लिए नहीं बनी हैं। वे आर्टिस्ट नहीं हैं। उनकी इस बात की मैं बहुत इज्जत करता हूं। जहां तक बेटे की बात है, वह कॉलेज में है और मीडिया या सोशल मीडिया पर उसका इतना ध्यान नहीं है। वह अपनी पढ़ाई पर फोकस कर रहे हैं और इससे डिस्कनेक्टेड हैं, जो अच्छा ही है। मुझे अपने घर में ऐसा माहौल नहीं चाहिए कि घर के नीचे पपाराजी खड़े हों। यह बहुत आर्टिफिशियल लगता है। हम लोग इसे अपनी लाइफस्टाइल में शामिल नहीं करते।

## कुणाल कामरा को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने कॉमेडियन को देशद्रोही टिप्पणी मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की, साथ ही आदेश दिया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर देशद्रोही टिप्पणी के मामले में जांच जारी रह सकती है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित रूप से आपत्तिजनक चुटकुला सुनाने के लिए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में गिरफ्तारी सहित किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की। अदालत ने एफआईआर को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली और कहा कि याचिका के लंबित रहने के दौरान उन्हें एफआईआर के संबंध में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा हालांकि, इस मामले में जांच जारी रह सकती है। अगर जांच एजेंसी याचिकाकर्ता



का बयान दर्ज करना चाहती है, तो याचिकाकर्ता को उचित अवधि का नोटिस देने के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से चेन्नई में बयान दर्ज किया जा सकता है ताकि वह चेन्नई में मौजूद रह सके। अगर इस याचिका के लंबित रहने के दौरान आरोपपत्र दाखिल किया जाता है, तो संबंधित अदालत (ट्रायल कोर्ट) इस याचिका के लंबित रहने के दौरान याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही नहीं करेगी। अदालत ने कहा, इस मामले में जांच जारी रह सकती है। अगर जांच एजेंसी याचिकाकर्ता का बयान दर्ज करना चाहती है, तो उसे चेन्नई में स्थानीय पुलिस की मदद से उचित अवधि का नोटिस देकर दर्ज किया जा सकता है, ताकि वह चेन्नई में मौजूद रह सके। अगर इस याचिका के लंबित रहने के दौरान आरोपपत्र दाखिल किया जाता है, तो संबंधित अदालत (ट्रायल कोर्ट) इस याचिका के लंबित रहने के दौरान याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही नहीं करेगी। न्यायाधीशों ने कहा कि अगर यह याचिका अभी भी लंबित है, तो संबंधित अदालत को आरोपपत्र का संज्ञान नहीं लेना चाहिए। 16 अप्रैल को, पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए उसे गिरफ्तारी से अस्थायी संरक्षण प्रदान किया, जबकि बताया कि पुलिस ने उसे धारा 35(3) बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अनुसार बुलाया था, जो स्पष्ट रूप से उन स्थितियों में अधिसूचना का उल्लेख करता है जहां गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है।

### मूवी रिव्यू : ग्राउंड जीरो

## सीमा सुरक्षा बल के जवानों की शौर्यगाथा से रूबरू कराती फिल्म, इमरान हाशमी ने शिद्दत से निभाया किरदार, स्क्रीनप्ले थोड़ा कमजोर

इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह बीएसएफ के अब तक के सबसे बड़े मिशन पर बनी एक गंभीर और असरदार फिल्म है। तेजस प्रभा विजय देउस्कर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई ताम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 14 मिनट है। इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है।




**फिल्म की कहानी क्या है?**

फिल्म की कहानी है बीएसएफ अफसर नरेंद्र नाथ धर दुबे की, जिन्होंने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा को मार गिराने वाले मिशन की अगुवाई की थी। 2003 में किए गए इस खुफिया ऑपरेशन को बीएसएफ के इतिहास में सबसे बड़ी सफलता माना जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दुबे और उनकी टीम ने सूझबूझ और हिम्मत के साथ इस मिशन को अंजाम दिया। यह फिल्म देशभक्ति और रियलिज्म के बीच की एक बारीक लकीर पर चलती है।

**स्टार कास्ट की एक्टिंग कैसी है?**

इमरान हाशमी ने नरेंद्र नाथ धर दुबे के किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। उनकी आंखों और आवाज में वो गहराई झलकती है जो इस किरदार की मांग थी। इमोशनल और इंटेंस सीन में इमरान जान फूंकते हैं। सई ताम्हणकर ने भी अपने सीमित स्क्रीन टाइम में प्रभाव छोड़ा है। बाकी कलाकारों में जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा ने अपने किरदारों के साथ न्याय किया है।

**फिल्म का डायरेक्शन कैसा?**

तेजस प्रभा विजय देउस्कर का निर्देशन रियलिस्टिक अप्रोच लिए हुए है। फिल्म में न ही जरूरत से ज्यादा देशभक्ति भरी डायलॉग बाज़ी है और न ही किसी को सुपरहीरो बनाकर पेश किया गया है। बीएसएफ जवानों के असली संघर्ष और हकीकत को दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी ग्रिपिंग है, लेकिन इंटरवल के बाद रफ्तार थोड़ी धीमी हो जाती है। क्लाइमैक्स फिर से फिल्म को संभाल लेता है। स्क्रीनप्ले में थोड़ी कसावट की कमी है, कुछ सीन्स को छोटा किया जा सकता था।

**फिल्म का म्यूजिक कैसा है?**

इमरान हाशमी की फिल्मों से दर्शकों को हमेशा बेहतरीन गानों की उम्मीद होती है, लेकिन 'ग्राउंड जीरो' एक अलग जोनर की फिल्म है। यहां गानों की गुंजाइश नहीं थी। फिल्म में कुछ गाने बैकग्राउंड में चलते हैं, लेकिन वो भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी औसत ही है, जो सीन को पूरी तरह उठा नहीं पाता।

**फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं**

अगर आप देश के उन सच्चे सिपाहियों की कहानी देखना चाहते हैं। जिनका नाम अक्सर सुर्खियों में नहीं आता, लेकिन जिनकी वजह से हम चैन की नींद सोते हैं, तो ये फिल्म जरूर देखें। 'ग्राउंड जीरो' बीएसएफ के पराक्रम और जज्बे को एक अलग और रियल अंदाज में पेश करती है, जो देखे जाने के काबिल है।

## प्रभास की एक्ट्रेस पर लगे पाकिस्तान से कनेक्शन के आरोप

### इमानवी बोलीं- इन बातों में कोई सच्चाई नहीं, कुछ भी कहते हैं लोग



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। इसी बीच प्रभास की फिल्म फौजी की एक्ट्रेस इमानवी को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि इमानवी के परिवार का संबंध पाकिस्तानी सेना से है। हालांकि, इन आरोपों पर इमानवी ने खुद सफाई दी और इनका खंडन किया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि इमानवी के पिता, अमेरिका में शिफ्ट होने से पहले, कथित तौर पर पाकिस्तानी सेना में मेजर थे। इस दावे के बाद इमानवी को लगातार ट्रोल किया जाने लगा। वहीं, जब मामला बढ़ने लगा, तो इमानवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए पहलगाम घटना पर दुख व्यक्त किया है। इमानवी ने कहा, ये ऑनलाइन ट्रोल द्वारा गढ़ी गई झूठी बातें हैं, जो नफरत फैलाने और लोगों को बांटने के लिए हैं। मेरे परिवार में किसी का भी पाकिस्तानी सेना से कोई संबंध नहीं रहा है। ऐसी बातें निराधार हैं और आहत करने वाली हैं। लोग सोशल मीडिया पर बिना सच जाने, कुछ भी आरोप लगा रहे हैं। मैं लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में जन्मी एक भारतीय अमेरिकी हूं। मेरे माता-पिता अपने यंग ऐज में ही अमेरिका चले गए और कुछ ही समय बाद अमेरिकी नागरिक बन गए। मैं हिंदी, तेलुगु, गुजराती और अंग्रेजी बोलती हूं और हमेशा अपनी भारतीय संस्कृति और विरासत को अपनाती रही हूं। अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी की पढ़ाई पूरी करने के बाद मैंने एक एक्ट्रेस, कोरियोग्राफर और डांसर के रूप में काम शुरू किया। भारतीय सिनेमा मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा है। मैं उम्मीद करती हूं कि इसकी विरासत में अपना कुछ योगदान दे सकूं। मेरी पहचान भारतीय है और यह मेरे खून में है। हम निर्दोषों की मौत के गम में डूबे हुए हैं। कला बांटने की बजाय एकता बढ़ाने का काम करती है। इतिहास गवा है कि कला ने जागरूकता बढ़ाने, संस्कृतियों को आपस में जोड़ने और करुणा के संदेश को बढ़ाने का काम किया है। इसलिए इस शोक की घड़ी में हमें प्यार बांटना जारी रखना चाहिए।

### एक्ट्रेस पायल घोष का चौंकाने वाला दावा

## कलमा सीखो, तभी कश्मीर जाना, नहीं तो...

साउथ और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस पायल घोष ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक हफ्ते पहले कश्मीर ट्रिप के लिए बुकिंग कर ली थी, लेकिन 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमला हो गया। इसके बाद अब वो धर्म संकट में हैं कि वहां जाएं या नहीं! उन्होंने अपने पाकिस्तानी दोस्त से मशवरा लेना चाहा तो उल्टा उसने चेतावनी दे डाली। उसने एक्ट्रेस से कहा कि कश्मीर जाना है तो पहले कलमा सीखो, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। बता दें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई है। चश्मदीदों ने बताया कि आतंकियों ने मारने से पहले मृतकों से धर्म के बारे में पूछा था। उन्होंने ज्यादातर हिंदुओं को निशाना बनाया। इससे पूरा देश दहल गया है।

**हफ्ते भर पहले बुक की थी कश्मीर की ट्रिप**

पायल घोष ने इस हमले से हफ्ते भर पहले ही कश्मीर की ट्रिप बुक की थी। आतंकी हमले के बाद वो असमंजर में फंस गईं कि क्या आगे बढ़ना चाहिए! पर उनके एक पाकिस्तानी दोस्त ने उन्हें ऐसा मैसेज दिया कि वो डर गईं।

**अब कंफ्यूज हैं पायल घोष**

वो कहती हैं, ये बहुत घिनौना है। मैंने पाकिस्तानी के एक एक्टर और मेरे दोस्त के साथ अपनी जर्नी की प्लानिंग के बारे में शेयर किया, क्योंकि मैं कश्मीर जाने का इंतजार कर रही थी। मेरी टिकटें एक हफ्ते पहले ही बुक हो गई थीं। लेकिन हमले के बाद मैं असमंजस में हूं कि मुझे ट्रिप पर जाना चाहिए या नहीं। पायल ने आगे कहा, पहले से ही अनिश्चितता का माहौल है और इस सबके बीच जब आपको ऐसी बातें सुननी पड़ती हैं, जो इशारों में ये बताती हैं कि आप अपने ही देश में सुरक्षित नहीं हैं यो जाहिर है इससे आपको गुस्सा आएगा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं इल्म अल-कलाम सीखूं नहीं तो मुझे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। अंजाम से उनका वास्तव में क्या मतलब है? ये सुनने के बाद मैं वाकई



में बहुत गुस्से में हूं। ये घटना पाकिस्तान के लोगों के लिए मजाक की बात लगती है।

**पायल घोष का इंस्टाग्राम**

पायल ने शुक्रवार, 25 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर भी लिखा, मेरे एक पाकिस्तानी एक्टर दोस्त ने मुझसे कहा कि कश्मीर में आना है तो इल्म-अल-कलाम सीखो, नहीं तो परिणाम पता है... यह सुनकर मैं क्रोधित और आगबबूला हो गई।

**पायल को हुआ अफसोस**

उन्होंने आगे कहा, मुझे ऐसी मानसिकता वाले लोगों से दोस्ती करने का अफसोस है। मैं उन परिवारों के लिए प्रार्थना करती हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जिन्हें हमने खो दिया है, उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। भगवान हम सबकी रक्षा करें।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद अरिजीत सिंह का बड़ा फैसला

## चेन्नई में होने वाले कॉन्सर्ट को किया रद्द

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग भी इस घटना को लेकर आहत हैं। इसी बीच सिंगर अरिजीत सिंह ने 27 अप्रैल को चेन्नई में होने वाला अपना कॉन्सर्ट रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं सिंगर अनिरुद्ध रविचंदर ने भी अपने हुकुम टूर के टिकटों की बिक्री को पोस्टपोन कर दिया है। अरिजीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कॉन्सर्ट के आयोजकों का एक पोस्ट री-शेयर किया, जिसमें लिखा था, एक जरूरी अपडेट- हाल की दुखद घटना (पहलगाम आतंकी हमला) को देखते हुए आयोजकों ने कलाकारों के साथ मिलकर रविवार, 27 अप्रैल को चेन्नई में होने वाले शो को रद्द करने का निर्णय लिया है। जिन लोगों ने टिकट खरीदे हैं, उन्हें पूरा रिफंड मिल जाएगा। आपने स्थिति समझी, उसके लिए धन्यवाद।

सिर्फ अरिजीत सिंह ही नहीं, बल्कि म्यूजिक कंपोजर और सिंगर अनिरुद्ध रविचंदर ने भी बेंगलुरु में हुकुम टूर के लिए टिकटों की बिक्री को स्थगित कर दिया। इस बारे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'पहलगाम में हुई दुखद घटना (पहलगाम आतंकी हमला) ने हमें सभी को बहुत झकझोर दिया है। हमारी हार्दिक प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। बता दें, पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला कर दिया है। इस दौरान आतंकियों ने टूरिस्ट से पहले उनका नाम पूछा और फिर उन्हें गोली मारी।

## सार समाचार

### राजस्थान रॉयल्स के लिए बंद नहीं हुए प्लेऑफ के रास्ते



**एजेंसी,नई दिल्ली।** संजू सैमसन की कप्तानी में बीते कुछ सीजनों में दमदार खेल दिखाने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम का मौजूदा सीजन अच्छा नहीं जा रहा है। राजस्थान को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस हार ने राजस्थान के प्लेऑफ के सपने को तगड़ा झटका दिया है। ये उसकी नौ मैचों में सातवीं हार थी जिससे वह प्लेऑफ की रेस से बाहर होने के मुहाने पर है। आरसीबी के खिलाफ राजस्थान की हार उसके लिए निराश करने वाली बात इसलिए भी है क्योंकि पिछले लगातार तीन मैचों में उसे बेहद करीब आकर हार का सामना करना पड़ा है। वहीं ये उसकी लगातार पांचवीं हार है। इससे पहले उसे 2009-10 सीजन में लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, देखा जाए तो गणित के हिसाब से राजस्थान के प्लेऑफ के चांसेस अभी भी खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन उनका प्लेऑफका रास्ता बेहद कठिन है और टीम की फॉर्म को देखते हुए तो ये मुमकिन नहीं लग रहा है। इसके लिए किसी चमत्कार की जरूरत है। सबसे पहले तो राजस्थान को अपने बचे सभी पांच मैच जीतने होंगे। अगर टीम ऐसा कर पाती है तो फिर उसके टोटल अंक 14 हो जाएंगे। हालांकि, 14 अंक पर पहुंचने के बाद भी गारंटी नहीं है कि राजस्थान प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाए। कई टीमें हैं जो उससे आगे निकल सकती हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स को तो प्लेऑफमें जाने के लिए दो जीत चाहिए। वहीं, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स को तीन जीतों की जरूरत है और अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आसानी से 14 अंकों के पार चली जाएंगी। राजस्थान को कोलकाता से चुनौती मिल रही है। कोलकाता के इस समय छह अंक हैं और वह अपने सभी मैच जीतती है तो फिर उसके 16 अंक हो जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई की टीम के राजस्थान के बराबर यानी चार अंक हैं। अब देखा जाए तो राजस्थान को अपने सभी मैच जीतने होंगे और उम्मीद करनी होगा कि बाकी टीमें ज्यादा से ज्याद मैच हारें, खासकर वो टीमें जो उससे आगे हैं।

### जोश हेजलवुड ने आईपीएल में अपने 50 विकेट पूरे किए



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने गुरुवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफचार विकेट लेकर दो बड़ी उपलब्धियां अपने नाम की। जोश हेजलवुड ने आईपीएल इतिहास में अपने 50 विकेट पूरे किए। वह आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने के मामले में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। हेजलवुड ने मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल मैक्लेनाघन की बराबरी की। दोनों गेंदबाजों ने 36वीं पारी में 50 विकेट लेने का कमाल किया। बता दें कि आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड कगिसो रबाडा के नाम दर्ज है। रबाडा ने 27वें मैच में 50 विकेट का आंकड़ा छुआ था। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा काबिज हैं। मलिंगा ने 33 मैचों में 50 विकेट पूरे किए थे। चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज खलील अहमद लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। अहमद ने 35 मैचों में 50 विकेट पूरे किए।

आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज

27 - कगिसो रबाडा
33 - लसिथ मलिंगा
35 - खलील अहमद
36 - जोश हेजलवुड, मिचेल मैक्लेनाघन

हेजलवुड की एक और उपलब्धि

34 साल के जोश हेजलवुड ने इस दौरान एक और उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपने 150 विकेट पूरे किए। हेजलवुड ने रॉयल्स के खिलाफछठे ओवर की पांचवीं गेंद पर यशस्वी जायसवाल के रूप में अपना पहला शिकार किया। इसके बाद अंतिम ओवरों में हेजलवुड ने अपना प्रभाव छोड़ा। हेजलवुड ने सबसे पहले शिमरोन हेटमायर का विकेट चटकाया। फिर उन्होंने पारी के 19वें ओवर में केवल एक रन खर्च किया और ध्रुव जुरैल व जोफ्रा आर्चर के शिकार किए। जोश हेजलवुड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ4 ओवर के अपने कोटे में 33 रन देकर चार विकेट चटकाए।

आरसीबी की पहली घरेलू जीत

हेजलवुड के दमदार प्रदर्शन के कारण आरसीबी ने मौजूदा सीजन में अपने होमग्राउंड पर पहली जीत दर्ज की। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 194 रन बना सकी।

# मैड्रिड ओपन: स्वियातेक ने मियामी की हार का लिया बदला

**एजेंसी, मैड्रिड**

पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में रोमांचक मुकाबले में फिलीपींस की 19 वर्षीय उभरती सितारा एलेक्स ईला को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले महीने मियामी ओपन में ईला से मिली करारी हार के बाद यह जीत स्वियातेक के लिए बदला लेने जैसी रही। मैच की शुरुआत में ईला ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वियातेक की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। लेकिन इसके बाद स्वियातेक ने अनुभव का फायदा उठाते हुए गेम पर पकड़ मजबूत की और अगले दोनों सेट 6-4, 6-2 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

एलेक्स ईला ने मियामी ओपन में स्वियातेक को सीधे सेटों में हराकर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने उस टूर्नामेंट में जेलेना ओस्टापेंको और मैडिसन कीज़ जैसी ग्रैंड स्लैम विजेताओं को भी शिकस्त दी थी। हालांकि उनका सफर सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला के हाथों हार के साथ समाप्त हुआ था। इस प्रदर्शन की बदौलत वह टॉप 100 में जगह बनाने वाली पहली फिलिपिना खिलाड़ी बनीं और फिलहाल रैंकिंग में 72वें स्थान पर हैं। दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी और गत विजेता स्वियातेक इस साल अब तक तीन सेमीफाइनल (ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स, और एक अन्य) तक पहुंच चुकी हैं लेकिन फाइनल नहीं खेल सकी हैं। पिछले हफ्ते स्टटगार्ट में उन्हें जेलेना ओस्टापेंको के हाथों तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।



### अन्य मुकाबलों में एंड्रीवा और निशिकोरी का जलवा

महिला वर्ग में रूस की मिर्रा एंड्रीवा ने मेरी बौजकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ब्राज़ील की बीया हद्दाद मायिया ने पेरा को 2-6, 6-3, 6-1 से मात दी। अमेरिका की केटी वोलिनेट्स को डायना श्नाइडर ने 6-1, 6-2 से हराया जबकि एम्मा नवारो ने माया जॉइंट को 7-5, 7-5 से हराकर जीत दर्ज की।

### केई निशिकोरी का 450वां टूर-स्तरीय जीत

पुरुष वर्ग में जापान के पूर्व विश्व नंबर 4 केई निशिकोरी ने अलेक्ज़ेंडर वुकिक को 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर की 450वीं टूर-स्तरीय जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, मुझे इसका अंदाजा नहीं था। बस एक-एक मैच खेलता हूं अब तक 18 साल का सफर रहा है, उम्मीद है 500 तक पहुंच जाऊं। उनका अगला मुकाबला 29वीं वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव से होगा। अन्य पुरुष मुकाबलों में डेविड गोफिन को एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफतीसरे सेट में 1-0 से पिछड़ते हुए रिटायर होना पड़ा। वहीं, लोरेंजो सोनेगो ने मियोमिर केकमानोविच को 6-4, 7-6 (5) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# आईपीएल: सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचे विराट कोहली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) में गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मुकाबले के बाद सर्वाधिक रन बनाने वालों और विकेट लेने वालों की सूची में कई बदलाव हुए।



### साई सुदर्शन शीर्ष पर कायम, कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे

गुजरात टाइटंस के युवा बल्लेबाज बी. साई सुदर्शन 417 रन बनाकर अब भी पहले स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने आठ मैचों में 52.12 की औसत और 152.18 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं, विराट कोहली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में लंबी छलांग लगाई है। राजस्थान के खिलाफ उन्होंने 42 गेंदों में 70 रन बनाए और अब उनके नाम नौ पारियों में 392 रन हो गए हैं।

### निकोलस पूरन खिसके, सूर्यकुमार चौथे नंबर पर

लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने प्रतियोगिता की शुरुआत धमाकेदार अंदाज़ में की थी और काफी मैचों तक सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रहे। लेकिन हाल के मुकाबलों में खराब फॉर्म की वजह से अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके नाम 377 रन हैं। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हर मैच में उपयोगी योगदान दिया है और अब 373 रनों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### पर्पल कैप की दौड़: हेज़लवुड ने पकड़ी रफ्तार

गुजरात टाइटंस के तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा अब भी सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप धारक हैं। उन्होंने आठ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के जोश हेज़लवुड ने राजस्थान के खिलाफ 4 विकेट लेकर 16 विकेट पूरे कर लिए हैं। हालांकि उनकी रनगति (इकोनॉमी रेट) अधिक होने के कारण वह दूसरे स्थान पर हैं।

### 12 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की होड़

प्रसिद्ध कृष्णा और जोश हेजलवुड के बाद सात गेंदबाज ऐसे हैं जिनके नाम 12-12 विकेट हैं। इनमें आरसीबी के क्रुणाल पांड्या (2 विकेट बनाम राजस्थान) नया नाम हैं। अन्य गेंदबाजों में गुजरात टाइटंस के आर. साई किशोर और मोहम्मद सिराज, चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद, दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव, मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। इनमें सबसे किफायती गेंदबाज़ कुलदीप यादव हैं जो 6.50 की रनगति के साथ, जबकि नूर अहमद 7.66 के रनगति के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# आईपीएल 2025: आरसीबी ने घरेलू मैदान पर दर्ज की सीजन की पहली जीत

## राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हराया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल 2025 के 42वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 11 रनों से शिकस्त दी। यह जीत आरसीबी की इस सत्र में अपने होम ग्राउंड पर पहली है और इसके साथ ही टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की टीम ने 5 विकेट पर 205 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ओपनर्स फिल सॉल्ट (26) और विराट कोहली (70) ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। कोहली ने अपनी 70 रनों की शानदार पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (50 रन) ने विराट के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 105 रनों की अहम साझेदारी की। अंत में टिम डेविड (23 रन, 15 गेंद) और जितेश शर्मा (नाबाद 20 रन, 10 गेंद) की तेज पारियों ने स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। राजस्थान की ओर से संदीप शर्मा ने दो विकेट, जबकि हसरंगा और जोफ्रा आर्चर ने एक-एक विकेट लिया।

206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल (49 रन, 19 गेंद) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, लेकिन उन्हें जॉश हेजलवुड ने आउट कर दिया। इसके बाद लगातार विकेट गिरते गए। रियान पराग (22 रन), नीतीश राणा (28 रन) और हेटमायर (11 रन) पिच पर टिक नहीं सके। हालांकि ध्रुव जुरेल (47 रन) ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन जोश हेजलवुड के शानदार 19वें ओवर ने मैच का रुख पूरी तरह आरसीबी की ओर मोड़ दिया। राजस्थान की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 194 रन ही बना सकी और मैच 11 रन से हार गई। आरसीबी के लिए जॉश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट झटके।

# मैड्रिड ओपन से हटे कार्लोस अल्कराज, चोट बनी वजह

**एजेंसी,मैड्रिड**

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। पैर की चोट के कारण वे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मैड्रिड में उनका मुकाबला शनिवार को होना था। अल्कराज ने बताया कि उन्हें ऊपरी पैर में पहले से चोट थी, जो उन्हें बीते रविवार को बार्सिलोना ओपन के फाइनल के दौरान भी परेशान कर रही थी। इसके अलावा, अब उनके बाएं पैर में भी चोट है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उन्होंने खेलने से इनकार करने का फैसला लिया। अल्कराज ने 2022 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस बार वे टूर्नामेंट के दूसरे वरीय खिलाड़ी थे और उनका ड्रा नोवाक जोकोविच के साथ एक ही हाफ में था। बार्सिलोना फाइनल में होल्गर रून से हार के दौरान उन्हें ट्रीटमेंट लेना पड़ा था। अल्कराज ने कहा कि उनकी ये चोट फ्रेंच ओपन में खेलने में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने पिछले साल रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर खिताब जीता था। इस बार भी वे खिताब बचाने उतरेंगे। ज्वेरेव ने हाल ही में म्यूनिख ओपन जीतकर अल्कराज को पीछे छोड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने इस साल अब तक 24 मुकाबलों में जीत और केवल 5 में हार दर्ज की है। उन्होंने फरवरी में रॉटरडैम (हार्ड कोर्ट) और अप्रैल में मोंटे कार्लो (क्ले कोर्ट) पर खिताब जीता है। हालांकि, हालिया कार्यक्रम को लेकर उन्होंने थकान की शिकायत भी की थी।



# सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज़ 2025: कार्लसन की गैरमौजूदगी में प्रज्ञानानंद खिताब के प्रबल दावेदार

**एजेंस,नई दिल्ली**

ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट शनिवार से शुरू हो रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इस बार नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिससे भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद खिताब के सबसे बड़े दावेदारों में शुमार हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से आर. प्रज्ञानानंद और अरविंद चिथंबरम भाग ले रहे हैं। कार्लसन की गैरमौजूदगी ने मुकाबले को पूरी तरह खुला बना दिया है और ऐसे में प्रज्ञानानंद की तेजी से खेले जाने वाले फॉर्मेट में सटीकता उन्हें बेहद खतरनाक खिलाड़ी बनाती है। उन्होंने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स में विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराकर खिताब जीता था, जिससे उनके आत्मविश्वास में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अरविंद चिथंबरम ने प्राग मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन कर यह वाइल्ड कार्ड एंट्री हासिल की है। यह टूर्नामेंट उनके लिए बड़ी परीक्षा की तरह होगा, जहां उन्हें विश्व स्तरीय खिलाड़ियों का सामना करना है।



फ्रांस के अलीरेजा फिरूज़जा को भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं उनके हमवतन मैक्सीम वाचिए-लाग्रेव भी पिछले दशक में फ्रेंच खिलाड़ियों की छवि को आगे बढ़ाने की उम्मीदों के साथ उतरेंगे। पोलैंड के डूडा और अमेरिका के लेवोन अरोनियन भी खिताब की रेस में रह सकते हैं।

विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल फॉर्मेट में अपनी रुचि कम होने की बात स्वीकार करते हुए इस टूर्नामेंट से दूरी बना ली है। वे अब 'फ्रीस्टाइल चेस' की ओर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हाल ही में लगातार दो टूर्नामेंट जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है, और इसके साथ-साथ पूरे सीजन के अंत में ग्रैंड प्राइज का हिस्सा बनने का मौका भी मिलेगा। हर टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर अंक मिलते हैं, जो अंत में ग्रैंड चेस टूर के विजेता का फैसला करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, पर्थ**

एक महीने लंबे सीनियर नेशनल कैंप के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम 26 अप्रैल से 4 मई के बीच पर्थ हॉकी स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिनमें शुरुआती दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होंगे, जबकि शेष तीन मुकाबले 1, 2 और 4 मई को विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां टीम ने आठ मैचों में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट का अंत टीम ने शानदार अंदाज में किया, जब उन्होंने विश्व नंबर-1 नीदरलैंड्स को 2-2 ड्रॉ के बाद शूटआउट में हराकर बोनस प्वाइंट हासिल किया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस श्रृंखला के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। युवा ड्रैग फ्लिकर दीपिका बेहतरीन फॉर्म में हैं, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग के दौरान तीन गोल दागे थे। डिफेंडर उदिता सिंह ने भी टूर्नामेंट में दो गोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी गोलकीपर सविता एक बार फिर टीम की मजबूत दीवार बनकर सामने होंगी। उन्होंने हाल ही में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया है, जो टीम के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। टीम में पांच नई खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजुर, अंजमीना कुजुर, पूजा यादव और महिमा तेते को शामिल किया गया है, जो इस दौरे पर अपना सीनियर टीम डेब्यू कर सकती हैं। कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजमेंट की नज़र इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खासतौर पर रहेगी। इतिहास में दोनों टीमों के बीच कुल 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 10 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 3 मैच ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, हालिया समय में भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर सभी को चौंका दिया

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, नीरज चोपड़ा नहीं लेंगे हिस्सा

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे। कोच्चि में फेडरेशन कप के समापन के बाद शुक्रवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा घोषित टीम में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज का नाम नहीं था। नीरज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे।



### भारतीय पुरुष टीम

200 मीटर : अनिमेष कुजूर, 800 मीटर: अनु कुमार, कृष्ण कुमार, 1500 मीटर: यूनुस शाह, 3000 मीटर स्टीपलचेज़: अविनाश साबले, 5000 मीटर: गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, 10,000 मीटर: गुलवीर सिंह, सावन बरवाल, ट्रिपल जंप: प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर, ऊंची कूद: सर्वेश कुशारे, भाला फेंक: सचिन यादव, यश वीर सिंह, शॉट पुट: समरदीप सिंह, डेकाथलॉन: तेजस्विन शंकर, 20 किमी रेस वॉक: सर्विन सेबेस्टियन, अमित, 4×100 मीटर: प्रणव प्रमोद, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर, अमलान बोरगोहेन, तमिलरासु, रागुल कुमार, गुरिंदरवीर सिंह, 4×400 मीटर: विशाल टीके, जय कुमार, मनु टीएस, धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ तुषार कांति, संतोष कुमार, मोहित कुमार।

### भारतीय महिला टीम

200मी: नित्या गंधे, 400 मीटर: रूपल चौधरी, विथ्या रामराज, 800 मीटर: ट्विंकल चौधरी, पूजा, 1500 मीटर: लिली दास, पूजा, 3000 मीटर स्टीपलचेज़: पारुल चौधरी, अंकिता, 5000 मीटर: संजीवनी बाबूराव, पारुल चौधरी, 10000 मीटर: संजीवनी बाबूराव, सीमा, 100 मीटर बाधा दौड़: ज्योति याराजी, 400 मीटर बाधा दौड़: विथ्या रामराज, अनु आर, लंबी कूद: शैली सिंह, एंसी सोजन, हेप्टाथलॉन: नंदिनी अगासरा, 4×100 मीटर: नित्या गंधे, अभिनय राजराजन, स्नेहा एस, सरवानी नंदा, दानेश्वरी, वी सुदीक्षा, 4×400 मीटर: रूपल, स्नेहा के, सुभा वेंकटेशन, जिस्ना मैथ्यू, कुंजा राजिथा, सैंड्रामोल साबू।

# ओबेन इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किया 'प्रोटेक्ट 8/80' प्लान, भारत का सबसे बढ़िया और सस्ता बैटरी प्रोटेक्शन प्लान

**बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी**

भारत की घरेलू और रिसर्च–बेस्ड इलेक्ट्रिकमोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने कस्टमर्स केविश्वास और प्रोडक्ट की गारंटी का नया मानदंड स्थापित किया है।कंपनी का 1 मई से शुरू होने वाला नया 'प्रोटेक्ट 8/80 प्लान' सिर्फ 9999 में 8 साल या 80,000 किलोमीटर तक की बैटरी वारंटी देता है।यात्री इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में यह अपनी तरह की पहलीपेशकश है, जो ओबेन की परफॉरमेंस, रिलायबिलिटी और कस्टमर्स फर्स्टइनोवेशन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ब्रांड के 'ओबेन प्रोटेक्ट' प्लेटफॉर्म के तहत दी जा रही इस वारंटी में बैटरीकी पूरी गारंटी मिलती है जिसमें बैटरी की रिपेयरिंग, बैटरी चेंज करनाऔर बैटरी से जुड़ी हर तरह की खराबी शामिल है ताकि कस्टमर्स सालोंतक बेफिक्र होकर राइड कर सकें। कस्टमर्स को यह भी गारंटी दी जाती हैकि वारंटी पीरियड के दौरान Rorr EZ की टॉप स्पीड और एक्सीलेरेशनएक जैसी बनी रहेगी, जो असली रास्तों पर ईवी मालिकों की सबसे बड़ीचिंता को दूर करता है। करंट और फ्यूचर ओनर्स के लिए एक बड़ाफायदा यह है कि यह वारंटी पूरी तरह




ट्रांसफरेबल है, जिससे ऋश्ह्ह श्रं की रीसेल वैल्यू बढ़ती है और यह एक भरोसेमंद और फ्यूचर–रेडी कम्प्यूटरमोटरसाइकिल बन जाती है।

ओबेन की खुद की बनाई हाई–परफॉर्मेंस लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरी तकनीक है, जिसे विशेष रूप से भारत की मुश्किल भरीभौगोलिक परिस्थितियों और मौसम के हिसाब से इन–हाउस डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। Li-NMC बैटरियों की तुलना में, ओबेन की LFP बैटरी 50 प्रतिशत अधिक टेम्प्रेचर सहन कर सकती है, जिससेखराब कंडीशन में भी यह बहुद बढ़िया और दमदार परफॉरमेंस देती है।इसी तकनीकी बढ़त की बदौलत ओबेन इलेक्ट्रिक कम्प्यूटर सेगमेंट मेंअपनी बैटरी के लिए सबसे लंबी वारंटी दे पा रहा है, जिससे कस्टमर कोसच्ची वैल्यू और मन की शांति मिलती है। 'प्रोटेक्ट 8/80 प्लान' का सबसे बड़ा फायदा इसकी किफायती कीमत है. इससे आपको सस्ते दाम में बेहतरीन बैटरी सुरक्षा मिलती है और आपनिश्चिंत रह सकते हैं कि Rorr EZ लंबे समय तक चलती रहेगी औरअच्छा प्रदर्शन करेगी। ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, Rorr EZ के साथ हमने रोजमर्रा की इलेक्ट्रिक बाइक का एक्सपीरियंसही बदल दिया है। यह नया बैटरी प्रोटेक्ट प्लान हमारी तकनीक में हमारेपूरे भरोसे और कस्टमर्स को लंबे समय तक संतुष्टि देने की हमारीप्रतिबद्धता को दिखाती है। हमारा मकसद है कि चाहे आप नए राइडर होंया फ्यूचर में बाइक खरीदने वाले, हर दिन आपको बेहतर परफॉरमेंस औरमन की पूरी शांति मिले।' 'प्रोटेक्ट 8/80 प्लान' पुराने और नए दोनों तरह के कस्टमर्स के लिए है। यह Rorr EZ की 3.4 kWh और 4.4 kWh दोनों बैटरी वेरिएंट के लिएकवरेज देता है। रोज़ इस्तेमाल के लिए बनी Rorr EZ की IDC रेंज 175 किमी है, 0–40 किमी/घंटा की रफ्तार सिर्फ 3.3 सेकंड में पकड़ लेती हैऔर टॉप स्पीड 95 किमी/घंटा है। यह एफिशिएंसी और परफ़ॉर्मेंस काबेहतरीन मेल है और इसकी एक्स–शोरूम कीमत सिर्फ ?89,999 से शुरूहोती है। नई बैटरी वारंटी योजना देशभर में ओबेन इलेक्ट्रिक की 36 शोरूम में उपलब्ध है. कस्टमर्स आसानी से शोरूम आएं और अपनाएक्सपीरियंस बेहतर बना सकें।

# मूंगफली के बम्पर उत्पादन का असर, मूंगफली तेल का भाव 4 साल में सबसे कम

**राजराजकोट,प्रतिदिन राजधानी**

राज्य में इस साल मूंगफ्ली के बम्पर उत्पादन का असर मूंगफ्ली के तेल की कीमत पर हुआ है। गुजरात में कपासिया तेल के बाद सबसे अधिक मूंगफ्ली के तेल का इस्तेमाल खाद्य तेल के रूप में किया जाता है। इस साल गुजरात में मूंगफ्ली का उत्पादन रिकॉर्ड 50 लाख टन से अधिक हुआ है। इसके कारण मूंगफ्ली तेल का भाव पिछले 4 साल में सबसे कम हो गया है।

गुजरात में 15 किलो मूंगफ्ली तेल का डिब्बा अब 2300 रुपये से लेकर 2370 रुपये बिक रहा है। इससे गृहणियों को बड़ी राहत हुई है। लगातार तीन दिनों से मूंगफ्ली के तेल की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। इन तीन दिनों में 15 किलो के डिब्बे पर 40 रुपये कीमत नीचे आई है। दिवाली से अभी तक की कीमत में 15 किलो पर 250 रुपये से लेकर 300 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भाव गिरने का मुख्य कारण इस साल मूंगफ्ली की बम्पर उपज होना है। जानकारी के अनुसार राजकोट के अलावा पूरे सौराष्ट्र में मूंगफ्ली तेल की सर्वाधिक खपत है। राजकोट यूनिवर्सिटी रोड पर स्थित भावेश ऑयल एजेंसी के व्यापारी भावेश भाई के अनुसार हाल ऑफसीजन के कारण मूंगफ्ली तेल की कीमत गिरी है। मूंगफ्ली तेल के 15 लीटर के डिब्बे की कीमत 2300 रुपये के आसपास है। यह भाव पिछले 4 साल में सबसे कम है। दूसरी बड़ी वजह है कि मूंगफ्ली तेल का निर्यात अभी घट गया है। बाजार में इसका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मूंगफ्ली के बम्पर उपज के साथ सरकार नाफेड के जरिए भी मूंगफ्ली बेच रही है।

# ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता की स्थानांतरण प्रक्रिया को बनाया आसान




**एजेंसी, नई दिल्ली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इसके लिए ईपीएफओ ने एक नया फॉर्म–13 सॉफ्टवेयर फंक्शनलिटी लॉन्च किया है, जिससे नए खाते में फंड ट्रांसफर करने में तेजी आएगी। इससे अब अधिकांश मामलों में नियोक्ता से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के ट्रांसफर की प्रक्रिया को और सरल बनाने से 1.25 करोड़ से अधिक सदस्यों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपये का अंतरण हो सकेगा, क्योंकि सम्पूर्ण हस्तांतरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक अब तक भविष्य निधि (पीएफ) जमा के स्थानांतरण में दो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) कार्यालय शामिल होते थे। इनमें एक स्रोत कार्यालय, जहां से पीएफ राशि को स्थानांतरित किया जाता था और दूसरा गंतव्य कार्यालय, जहां अंतिम रूप से राशि जमा की जाती थी।इस प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से ईपीएफओ ने एक संशोधित फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर कार्यक्षमता शुरू करके गंतव्य कार्यालय में सभी अंतरण दावों के अनुमोदन की जरूरत को हटा दिया है। यह संशोधित कार्यक्षमता फॉर्म पीएफ संचय के कर योग्य और गैर–कर योग्य घटकों का विभाजन भी प्रदान करती है,

# एक्सिस बैंक के वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही और वार्षिक परिणाम

**एजेंसी,नईदिल्ली**

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में समेकित आरओए 1.88 प्रतिशत, समेकित आरओई 17.11प्रतिशत, पीएटी 7,117 रुपये पर 13% तिमाही दर तिमाही 10प्रतिशत की CASA वृद्धि और तिमाही दर तिमाही 7ब्र की कुल जमा वृद्धि रही भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज अपने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही और वार्षिक परिणामों की घोषणा की, जिसमें 26,373 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 24 में 24,861 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में पिछले वर्ष की तुलना में 6% अधिक है। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 6 प्रतिशत बढ़कर 13,811 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.97% रहा और तिमाही दर तिमाही 4 बीपीएस बढ़ा। CASA में तिमाही दर तिमाही के आधार पर 10% की वृद्धि हुई और CASA अनुपात 38% QAB पर रहा। 31 मार्च 2025 तक, बैंक के रिपोर्ट किए गए सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए का स्तर क्रमशः 1.28% और 0.33% था, जबकि 31 मार्च 2024 को यह 1.43% और 0.31ब्र था। बैंक की शुल्क आय वित्त वर्ष 25 में 12% साल दर साल और 16% तिमाही दर तिमाही बढ़कर 6,338 रुपये हो गई। खुदरा शुल्क में 14ब्र साल दर साल और 22ब्र तिमाही दर तिमाही की वृद्धि हुई; और बैंक की कुल शुल्क आय का 75% हिस्सा रहा। बैंक का समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.67% के CET 1 अनुपात के साथ 17.07% रहा। बैंक की घरेलू सहायक कंपनियों ने स्थिर प्रदर्शन किया, और वित्त वर्ष 2025 में उनका शुद्ध लाभ 1,768 करोड़ रुपये रहा, जो साल–दर–साल 11ब्र की वृद्धि है। तिमाही के दौरान बैंक ने 170 शाखाएँ जोड़ीं, जिससे इसका समग्र वितरण नेटवर्क 31 मार्च 2025 तक 5,876 घरेलू शाखाओं और विस्तार काउंटरों तक पहुँच गया, साथ ही 3,194 केंद्रों में 234 बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट बैंकिंग आउटलेट (बीसीबीओ) भी स्थापित हो गए।

इस तिमाही में बैंक ने कई उद्योग–प्रथम पहल की। एक्सिस बैंक GIFT सिटी IFSC में अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई ) के माध्यम से विमान वित्तपोषण लेनदेन को अंजाम देने वाला पहला भारतीय बैंक था, जिसने एयर इंडिया द्वारा 34 प्रशिक्षण विमानों की खरीद के लिए USD ऋण की सुविधा प्रदान की। यह भारत का पहला वित्तीय संस्थान भी बन गया जिसने Kine&ys डिजिटल भुगतान का उपयोग करके अपने वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए लगभग वास्तविक समय, 24/7 प्रोग्राम करने योग्य स्ष्ठ समाशोधन क्षमताओं को लॉन्च किया। वर्ष के दौरान लॉन्च की गई अन्य क्षमताओं के अलावा ये क्षमताएँ, एक्सिस बैंक की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई को लद्धस्न्अ सिटी से संचालित होने वाले पसंदीदा लेनदेन बैंक के रूप में स्थापित करती हैं। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, बैंक ने अनिश्चित मैक्रो और तंग लिक्विडिटी माहौल को देखते हुए ग्रोथ पर लाभप्रदता को प्राथमिकता दी।

# प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दायर किया डीआरएचपी

## एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किए नए प्लान्स लॉन्च

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

भारती एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफोलियो में नए प्लान्स की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लॉन्च किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए रु 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है। सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ – कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है, जो वास्तव में हमारे ग्राहकों के अनुभव को पूरी तरह से बदल देंगे और उन्हें दुनिया भर में घूमते हुए बिना किसी परेशानी के डेटा और वॉयस का स्वतंत्रता से उपयोग करने की आज़ादी देंगे। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करें।

ग्राहक इन योजनाओं के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय रोमिंग लाभ का भी आनंद लेते रहेंगे, जिनमें शामिल हैं: इन–फ्लाइट कनेक्टिविटी, विदेश में लैंडिंग के बाद सेवाओं का ऑटो एक्टिवेशन, 24×7 कस्टमर सपोर्ट। 189 देशों की यात्रा के लिए एक ही प्लान। अब यह चिंता नहीं करनी होगी कि कौन सा जोन या पैक चुनें।

# एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किए नए प्लान्स लॉन्च

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

भारती एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफोलियो में नए प्लान्स की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफ़ायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लॉन्च किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए रु 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान




ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है।

सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ – कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है, जो वास्तव में हमारे ग्राहकों के अनुभव को पूरी तरह से बदल देंगे और उन्हें दुनिया भर में घूमते हुए बिना किसी परेशानी के डेटा और वॉयस का स्वतंत्रता से उपयोग करने की आज़ादी देंगे। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करें।

**ग्राहक इन योजनाओं के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय रोमिंग लाभ का भी आनंद लेते रहेंगे, जिनमें शामिल हैं:**

इन–फ्लाइट कनेक्टिविटी, विदेश में लैंडिंग के बाद सेवाओं का ऑटो एक्टिवेशन, 24×7 कस्टमर सपोर्ट।

189 देशों की यात्रा के लिए एक ही प्लान। अब यह चिंता नहीं करनी होगी कि कौन सा जोन या पैक चुनें। विभिन्न देशों या ट्रांजिट एयरपोर्ट्स के लिए अलग–अलग पैक लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बार–बार यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए ऑटो रिन्यूअल की सुविधा। यह बार–बार पैक खरीदने की आवश्यकता को समाप्त करेगा और यात्रा को परेशानी–मुक्त बनाएगा।

किफायती पैक: ये अधिकांश देशों के लोकल सिम कार्ड्स से भी सस्ते होंगे और इनसे लोकल सिम कार्ड्स प्राप्त करने में होने वाली परेशानी और खर्च दोनों से छुटकारा मिलेगा, जिससे विश्व भ्रमण करने वाले यात्रियों को कनेक्टेड रहने के लिए एक सरल समाधान मिलेगा।

सभी नियंत्रण ग्राहक के हाथों में होंगे: ग्राहक अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग की पूरी जरूरतों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर मैनेज कर सकेंगे, जिसमें उपयोग, बिलिंग राशि और डेटा या मिनट्स आवश्यकता के अनुसार बढ़ाने की सुविधा मिलेगी।

# डॉ अजय सहाय को मिला टाइम्स लीडर्स ऑफ हेल्थ केयर अवार्ड

**एजेंसी,हैदराबाद**

बैनेट कोलमैन ( द टाईम्स ऑफइंडिया) द्वारा हैदराबाद में आयोजित एक भव्य समारोह में रायपुर के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं समाजसेवी प्रो डॉ अजय सहाय को हेल्थकेयर के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए टाइम्स लीडर्स ऑफ हेल्थकेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री एन वी रमन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मेजर जनरल (रिटायर्ड) जी डी बक्शी, टाइम्स ऑफइंडिया की सीनियर एडिटर दीपाल गाला, एमएसएन फार्मा के प्रेसिडेंट आशीष गुप्ता, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर भरत रेड्डी सहित देश के विख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




विदित हो कि डॉ सहाय अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध हैं और विगत चार दशकों से दूरस्थ ग्रामीण, पिछड़े आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित इलाकों में निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सैकड़ों स्वास्थ्य शिविरो और जागरूकता अभियानों के माध्यम से उन्होंने समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और समृद्ध बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया है। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं , ज्वलंत सामाजिक मुद्दों और सामाजिक कुरीतियों के प्रति आम जनता को जागरूक बनाने के लिए अनेक रोचक लघु फिल्मों, प्रोमोज, वृतचित्रों और जिंगल्स का निर्माण किया है जो दूरदर्शन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक चैनलो द्वारा नियमित रूप से प्रसारित किए जाते रहे हैं। दूरदर्शन की किसान चैनल पर प्रसारित और स्वच्छ भारत अभियान पर केंद्रित धारावाहिक परिवर्तन का निर्देशन भी डॉ सहाय ने किया था।

अतिविशिष्ट समाज सेवाओं के डॉ सहाय को अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। देश के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा अंबेडकर अवार्ड के साथ साथ उन्हें महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री कोशियारी एवं राधाकृष्णन , प. बंगाल के राज्यपाल डॉ आनंदा बोस, छत्तीसगढ के राज्यपाल शेखर दत्त, छग के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा डॉ बी सी राय पुरस्कार, जयपुर में बेस्ट डॉक्टर ऑफ इंडिया 2024 सम्मान एवं डॉक्टरों की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संस्था इंडियन मेडीकल एसोसियेशन द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अति विशिष्ट योगदान के लिए सर्वोच्च राष्टीय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

समाज को कानून के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से डॉ सहाय द्वारा निर्मित और निर्देशित शार्ट फिल्मों 卐कैसे बताऊं卐, 卐नन्ही परी卐, 卐डरो मत 卐और 卐नोनी卐 को छग हाई कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीशों श्री राधाकृष्णन और अरूप गोस्वामी के हाथों अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।



## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक–03**

**Email id: ee-res.durg@gov.in**

ज्ञा.क्र. 930 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.से. /2025–26 दुर्ग, दिनांक 23/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| स. क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2025–26 हेतु स्वीकृत रूपये 25.00 लाख तक लागत के छोटे–छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। (जोनल निविदा ग्रुप क्र. 05, 06, 07, 08 एवं 09) S.L. No. 167391,167392,167394,167395,167396 | 40.00 लाख प्रति ग्रुप |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 23.04.2025 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 07.05.2025 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

G-252600469/5

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4903223
email ID-eocghbzone02@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा, दीनदयाल आवास योजनातंर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. फ्लैट क्र. 97 ब्लॉक नं-05, (प्रथम तल), को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 186 दिनांक 21.10.2013 के द्वारा श्री मीर मुमताल अली पिता श्री मीर आरिफअली, के नाम पर नामांतरित किया गया है।

वर्तमान में नामांतरी श्री मीर मुमताल अली पिता श्री मीर आरिफ अली, निवासीः- के/6, अनुपम नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती मेघा अग्रवाल पति श्री अश्विन कुमार अग्रवाल, निवासीः 22, इलाईट विला, वी.आई.पी. स्टेट, गोल्डन होम्स, के पास शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना विक्रय इकरारनामा, विक्रय विलेख, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय करने के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20265/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20265
वार्ड का नाम - 68 - खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR568A00819 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUKHCHAIN PRASAD SINHA , SHANTI SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती LT. HEERA LAL SINHA , SUKHCHAIN PRASAD SINHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SWETA SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती GYANENDRA KUMAR SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20329/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20329
वार्ड का नाम - 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569B00217 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANAND MOHAN PANDEY पिता/पति श्री/श्रीमती RAMDAYAL PANDEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ABDUL ZOHAIB SIDDIQUIE पिता/पति श्री/श्रीमती ABDUL MATEEN SIDDIQUIE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20267/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20267
वार्ड का नाम - 67 - भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663H0012S जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ADHAR SHILA INFRA PROJECT DWARA PARTNER AMARJEET SINGH CHABADA पिता/पति श्री/श्रीमती .के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ARCHANA DEVI BANKA पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV KUMAR BANKA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20262/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20262
वार्ड का नाम - 67 - भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567E00013 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIKAS DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती CHHEDI LAL DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती BHAWESH DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती VISHESH DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ 20334/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20334
वार्ड का नाम - 41 -दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569I00545 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ABHISHEK PANDEY , KARUNA PANDEY , SEVAK RAM PANDEY पिता/पति श्री/श्रीमती ..के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती CHANDRAKALA SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV KUMAR SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20261/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20261
वार्ड का नाम - 67 - भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663I00095 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MAMTA MALHOTRA पिता/पति श्री/श्रीमती SAMIR MALHOTRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DEEPSHIKHA TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20264 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20264
वार्ड का नाम - 68 - खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567H00091 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AKASH RAO SHIRKE पिता/पति श्री/श्रीमती SHYAM RAO SHIRKE के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती HEERA LAL BAGHELE पिता/पति श्री/श्रीमती RUPCHAND BAGHELE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क. अ/6 अ वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 24.03.2025
ग्राम बैहार प.ह.नं. 28

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल साहू पिता स्व. लतेलराम साहू निवासी लक्ष्मी बिहार, बैहार, आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बैहार प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील आरंग स्थित परिवर्तित भूमि 182/2 के भाग रकबा 2030 वर्गफीट भूमि तथा खसरा नं. 193/1, 193/5 के भाग का रकबा 377 वर्गफीट (टोटल 2407 वर्गफीट) आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक की भूमि खसरा नं. ऑनलाईन राजस्व अभिलेख के बी-1 में दर्ज नहीं होने से उक्त त्रुटि को सुधार कर आवेदक के नाम पर रजिस्ट्री बैनामा तथा मैनुअल राजस्व अभिलेख के आधार पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाक 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20321 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20321
वार्ड का नाम - 68 - खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567A00187 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MAHENDRA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती S.P. SINHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती JYOTISH DIWAN पिता/पति श्री/श्रीमती DEVENDRA DHAR DIWAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20337 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20337
वार्ड का नाम - 41- दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569H00301 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MUKTA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती MANOJ KUMAR SINHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती पिता/पति 1. MUKTA SINHA W/O LATE. MANOJ KUMARI SINHA 2. MAYANK SINHA S/OLATE. MANOJ KUMARI SINHA 3. AAYUSH SINHA S/O LATE. MANOJ KUMARI SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती ...ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20325 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20325
वार्ड का नाम - 40- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569L00502 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GHANSHYAM PRASAD DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती GANNU LALDEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती NILESH KUMAR DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती GHANSHYAM PRASAD DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20322 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20322
वार्ड का नाम - 40- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560E00053 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAIPUR VIKAS PRADHIKARAN ADARSH BAZAR KARYAPALAN ADIKARI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PRAFULL CHAND AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. SATYANARAYAN AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20324 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20324
वार्ड का नाम - 40- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560E00051 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAIPUR VIKAS PRADHIKARAN ADARSH BAZAR KARYAPALAN ADIKARI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PRAVEEN CHAND AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. SATYANARAYAN AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./20323 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20323
वार्ड का नाम - 40- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560E00052 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAIPUR VIKAS PRADHIKARAN ADARSH BAZAR KARYAPALAN ADIKARI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PRAVEEN CHAND AGRAWAL.. पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. SATYANARAYAN AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ 20263 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20263
वार्ड का नाम - 67- भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567D00723 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TOSHAN BAI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RAMSWARUP SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SANTOSH UPADHYAY पिता/पति श्री/श्रीमती BRIDDHICHAND UPADHYAY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ 20266 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20266
वार्ड का नाम - 67- भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663FAR030 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUSHIL KUMAR TATIA पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MOTILAL TATIA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती 1. SONIA SONI W/O JITENDRA KUMAR SONI 2. ANSHUL KUMAR SONI S/OJITENDRA KUMAR SONI पिता/पति श्री/श्रीमती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ 20327/न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 20327
वार्ड का नाम - 41- दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569E00019 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NIKHAT KHAN, KARIM KHAN पिता/पति श्री/श्रीमती KARIM KHAN, HAFIZULLA KHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SUBHASHINI SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती CHANDRAMANI SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ 20260 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 24-04-2025 इश्तिहार
नामांतरण प्र. क्र. 20260
वार्ड का नाम - 67- भक्त माता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663H0012R जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ADHAR SHILA INFRA PROJECT DWARA PARTNER AMARJEET SINGH CHABADA पिता/पति श्री/श्रीमती KARIM KHAN, HAFIZULLA KHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ... पिता/पति श्री/श्रीमती 1. NABA. AARADHYA PATEL S/O RAJESH PATEL 2. SARITA PATEL W/O RAJESH PATEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण सूचना

| स. क्रं. | कार्य का नाम | निविदा सूचना क्र. / सिस्टम निविदा क्र. / दिनांक | अनुमानित लागत | निविदा निरस्त होने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरूद के महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 28.89 कि.मी. पर क्रास रेग्यूलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य। | 07/व.ले.लि. / 2024-25/164162 दिनांक 10.01.2025 (प्रथम आमंत्रण) (जी. नंबर 242505309) | रू. 433.38 लाख | एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है। |

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

G-252600473/7

# जवानों के ऑपरेशन से नक्सलियों में खौफ पत्र लिखकर की शांति वार्ता की अपील

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**



बस्तर से नक्सलवाद ख़त्म करने लगातार नक्सलिंयो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैं। बीजापुर और तेलंगाना बार्डर के समीप पहाड़ियों में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन चल रहा हैं इस ऑपरेशन में लगभग पांच हजार से अधिक जवान शामिल हैं यह ऑपरेशन पिछले चार दिनों से चल रहा हैं। माना जा रहा हैं की यह ऑपरेशन अंतिम चरण पर है। ऑपरेशन ख़त्म होने से पहले घबराए नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर अभियान को रोकने की अपील की है। उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरों के प्रभारी रूपेश ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि इस अभियान को तुरंत रोकना चाहिए, बलों को वापस लेना चाहिए। हम सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वार्ता के जरिए समस्या का समाधान का रास्ता अपनाए अनुकूल माहौल बनाए। पिछले चार दिनों से जारी आपरेशन के दौरान दोनों तरफ से हो रही रुक-रुककर फ़ायरिंग के दौरान जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। उधर नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सबसे बड़े आपरेशन को लेकर उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरों के प्रभारी रूपेश ने इस आपरेशन को तत्काल रोकने की अपील की है। उसने जारी प्रेस नोट में कहा है कि बलों को वापस लेना चाहिए। हम सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वार्ता के जरिए समस्या का समाधान का रास्ता अपनाए, अनुकूल माहौल बनाए। ऐसा अपील राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा अनेको अनेक बार इन माओवादी से किया जाता रहा है कि हथियार छोड़कर हिंसा छोड़कर आओगे तो बात संभव है परंतु माओवादी नेताओं कभी इसे नहीं माना और निर्दोष आम जनों की मुखबिर बता बता जनताना बैठकर ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या किए गए जिससे आम ग्रामीणों में उनकी दहसत कम ना होने पाए ।पर आज परिस्थिति बदल चुकी है ।

# छग निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम अब छग दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम होगा, मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांग बच्चों का सर्वे कर उनके व्यवसाय एवं नए स्टार्टअप के लिए ऋण प्रदान कर मदद करनी चाहिए, ताकि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आ सके।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जिले में आए थे, तब दिव्यांगजनों से उनका विशेष लगाव देखने को मिला था। आज हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। इस अवसर पर उन्होंने लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण समारोह में शासकीय दिव्यांग स्कूल माना के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षक गीत गाया गया, जिसने सबका मन मोहा।इसके साथ ही राजनांदगांव के दिव्यांग स्कूल के श्रवण बाधित छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, विधायक श्री राजेश मूणत, श्री मोतीलाल साहू, श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आतंकी हमले में घायल पूजा अग्रवाल की स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर अम्बेडकर अस्पताल में जांच, उपचार और काउंसलिंग की गई

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मनेंद्रगढ़ जिले के चिरमिरी शहर निवासी श्री अरविंद अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा अग्रवाल घायल हो गई थीं। जान बचाने के प्रयास में उन्हें कंधे पर चोट लगी थी। आज जब उनका परिवार रायपुर पहुँचा, तो स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उनका कुशलक्षेम पूछा और परिवार के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश पर श्रीमती पूजा अग्रवाल का तत्काल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग में परीक्षण कराया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव ने उनकी विस्तृत जांच की। डॉ. प्रणय ने बताया कि श्रीमती पूजा अग्रवाल के दाहिने कंधे में हल्का फ्रैक्चर पाया गया है। अम्बेडकर अस्पताल पहुँचते ही उनके दाहिने कंधे और रीढ़ का एक्स-रे किया गया। डॉक्टरों के अनुसार गोलीबारी के दौरान जान बचाने के लिए जमीन पर लेटने के कारण उन्हें चोट लगी होगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने जानकारी दी कि मरीज को सभी आवश्यक दवाइयाँ दी गई हैं और उन्हें फ़ॉलोअप हेतु परामर्श दिया गया है। आतंकी हमले के भयावह अनुभव के चलते पूरा परिवार मानसिक रूप से भी व्यथित था, इसलिए चिकित्सकों द्वारा उनकी काउंसलिंग भी की गई और उन्हें ढाढ़स बंधाया गया।



स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने पूजा अग्रवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से खड़ी है। उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों को पूजा अग्रवाल के उपचार में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पूजा अग्रवाल एवं उनके परिवार को यदि आगे भी किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता हो, तो राज्य सरकार हर संभव मदद प्रदान करेगी।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 26, अप्रैल 2025

# ग्रीष्मऋतु में लू तापघात से बचाव के लिए जिले में जमीनी स्तर पर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जारी



**जशपुरनगर ,प्रतिदिन राजधानी**

ग्रीष्म ऋतु वर्ष 2025 के मौसम को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर रोहित व्यास ने जारी दिशा-निर्देशों अुनसार जिले के तहसील एवं ग्राम-पंचायत स्तर पर शिक्षको, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों एवं कोटवारों के माध्यम से जन-समुदाय में जमीनी स्तर पर लू तापघात से बचाव के लिए आवश्यक तैयारी करने हेतु सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किए हैं। साथ ही उन्होंने लोगों को लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में दी जानकारी देने हुए बचाव हेतु किए गए कार्यावाही से अवगत कराने के लिए भी कहा है। उन्होंने लू बचाव व उपाय के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने, सार्वजनिक स्थालों की पहचान कर, गैर सरकारी संगठन एवं अन्य स्वयं समूहों के माध्यम से प्याउ घर की व्यवस्थ्या कराने हेतु आवश्यक पहल करने के लिए भी कहा है।

**लू के लक्षण**

सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना इत्यादि लू के प्रमुख लक्षण हैं।

**लू से बचाव के उपाय**

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए कुछ प्रमुख बातों का ध्यान रखना चाहिए। लू से बचाव के लिए कोशिश करना चाहिए की यदि बहुत आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकले, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में समय-समय पर पीते रहना चाहिए, अधिक समय तक धूप में रहने से बचना चाहिए, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीना चाहिए। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करना चाहिए तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन किया जाना चाहिए। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श भी लिया जा सकता है। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लेना चाहिए।

**लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार**

लू लगने पर प्रारंभिक उपचार के रूप में विभिन्न बातों को ध्यान रखते हुए किया जा सकता है इनमें बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगना, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाना जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देना, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहना, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाना तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ. आर. एस. के पैकेट हेतु संपर्क किया जाना चाहिए।

## गम्हरिया ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी



**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**

जशपुर विकास खंड के गम्हरिया ग्राम पंचायत में विगत दिवस 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सभी ग्रामवासी, वार्ड पंच, सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, मितानिन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल थे।

ग्राम सभा में समस्त पंचायती कार्यक्रम और पंचायत से मिलने वाले लाभ के बारे मे बताया गया। साथ ही आम जानता कि समस्याओं और निराकरणों को साझा किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना,वृद्धा पेंशन, सफाई, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सड़क निर्माण जैसी कार्यों का प्रबंधन शामिल था। जिसमे मुख्यतः ग्राम पंचायत अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के बारे मे बताया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के वर्तमान मे चल रहे कार्यक्रम जैसे आयुष्मान योजना अंतर्गत जिन लोगो का कार्ड नही बना है उसे बनवाने , टीकाकरण ,सिकल सेल, गैर संचारी तथा संचारी रोग पर विस्तृत चर्चा की गई।

सुषमा के स्नेहिल सृजन
सृजन-शब्द नील

**नील प्रभा**

-----------

नील सरोवर झिलमिले,
कुसुमित कमल सुवास।
सृष्टि सजीवित रच रही, रंगों
का उल्लास।।
सूरज की किरणें झुकी, नील
जलधि पर भोर।
सागर-लहरें नीलिमा, करती
मधुरिम शोर।।
प्रभा नील सी फूटती, अम्बर
करे प्रकाश।
धरा गगन मिल एक हों, प्रीत
लिए आभास।।
झूम उठी धरती हरी, गूँजे
मधुरिम राग।
नीलकंठ के संग में, कोयल
कूके बाग।।
प्रभा नील की ओट से, बरसे
सुख रसधार।
नभ से भू तक हो गया,
आनन्दित संसार।।
नील गगन की गोद में, दमके
नित उजियार।
'सुषमा' जीवन सादगी, शाश्वत
सत्य उदार।।
प्रभा नील रचती धरा, स्वर्णिम
सृष्टि स्वरूप।
शीतलता नभ से झरे, निर्मल
धन्य! अनूप।।

धरा-दिवाकर संग से, झूम उठे
हर बार।
नील विहग के पंख भी, फर-
फर करे पुकार।।
नील प्रभा की ज्योति से,
मोहित नभ छवि मान।
अग्नि-वायु-जल बीच में,
करती सुख का गान।।
सुखकर साँध्य समीर हो,
नीलाम्बर छू माथ।
चमके शशि नभ चाँदनी,
चंचल चितवन साथ।।

-----------

कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल
(रायपुर छ.ग.)



# जल और वन की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत - कौशल्या साय



**जशपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

जल जागृति जशपुर के अंतर्गत जल संरक्षण व संवर्धन हेतु जल जागरूकता कार्यक्रम के तेईसवें दिन जनपद पंचायत कांसाबेल के ग्राम पंचायत चेटबा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति लोगो को जागरुक करना है। जल हमारे जीवन के लिए अनिवार्य घटक है, बिना इसके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वर्तमान हालात में विश्व के अनेक हिस्से ऐसे है जहां पानी की कमी है। बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण में वृद्धि, जलवायु में लगातार हो रहे परिवर्तन के कारण साफ पेयजल की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। वाटर हीरो नीरज वानखड़े ने लोगों को खेल खेल में पानी कैसे बचाए के सम्बन्ध में विभिन्न गतिविधियों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने अपने अभिनव मॉडल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सोखता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पीट कैसे बनाए, कैसे वर्षा जल संचय करें, के बारे में उपस्थित जन समूह को संबोधित किया।

श्रीमती कौशल्या साय जी ने जल संरक्षण को आज की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भविष्य के लिए हमें पानी बचाना बहुत जरूरी है, आज अगर पानी नही बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ी के लिए जल संकट की स्थिति निर्मित हो जाएगी।अपने वक्तव्य में जल जागृति - जल जागरूकता कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए यह कार्यक्रम बहुत सराहनीय है, वाटर हीरो नीरज वानखड़े जी एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए जल संरक्षण के कार्यों को लगातार जारी रखने हेतु प्रेरित किया। प्रतिदिन छोटी छोटी आदतों को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर हम पानी की बर्बादी को रोक सकते है जैसे नल को खुला नहीं छोड़ना, पानी की सही उपयोग करना, पानी की खपत कम करना, वर्षा जल का संचयन करना, पानी के स्त्रोत के आसपास गंदगी नहीं फैलाना, सोखता गड्ढा बनवाना आदि। हम प्रकृति पूजक है, इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

## कार्यस्थल पर "आन्तरिक शिकायत समिति" का गठन व पुनर्गठन हेतु निर्देश जारी

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**

/ केन्द्र शासन द्वारा ''कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम 2013)'' अधिनियम पारित किया गया है। यह अधिनियम 09 दिसम्बर 2013 से प्रभावशील है। अधिनियम के अनुसार पीड़ित महिला, नियोजक, कार्यस्थल एवं यौन उत्पीड़न को परिभाषित किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत बिन्दुवार कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्यालय प्रमुख, नियोजक लिखित में आदेश द्वारा आंतरिक शिकायत समिति के रूप में ज्ञात समिति गठित करेगा। यदि कार्यस्थल के कार्यालय अथवा प्रशासनिक इकाईयां विभिन्न स्थानों या खण्डीय अथवा उपखण्डीय स्थल पर स्थित होने पर, वहां आन्तरिक शिकायत समिति सभी प्रशासनिक इकाईयों अथवा कार्यालयों पर गठित की जायेगी। आंतरिक शिकायत समिति नियोजक, कार्यालय प्रमुख द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाले सदस्यों से मिलकर बनेगी। जिसमें एक पीठासीन अधिकारी, कार्यस्थल पर नियुक्त की गई कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर की नियोजित महिला होगी। वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी उपलब्ध न होने पर पीठासीन अधिकारी कार्यस्थल के अन्य कार्यालयों अथवा प्रशासनिक इकाईयों से नाम निर्देशित की जायेगी। अन्य कार्यस्थल के अन्य कार्यालयों अथवा प्रशासनिक इकाईयों पर वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी न होने पर उसी नियोजक, कार्यालय प्रमुख अथवा अन्य विभाग अथवा संगठन के किसी अन्य कार्यस्थल से पीठासीन अधिकारी नाम निर्देशित किया जायेगा। कर्मचारियों में से दो से अन्यून ऐसे सदस्य जो महिलाओं के समस्याओं के प्रति अधिमानी रूप से प्रतिबद्ध है।

या जिनके पास समाज सुधार के कार्य में अनुभव है या विधिक ज्ञान है। गैर सरकारी संगठनों या संगमों से ऐसा एक सदस्य जो महिलाओं की समस्याओं के प्रतिबद्ध है, या कोई व्यक्ति जो लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित विवाद्यकों से सुपरिचित हो। समिति में कुल सदस्यों में से कम से कम आधी महिलाएं होंगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर लखनपुर को प्रदाय की नई स्कूल बस, शिक्षण सुधार कार्यों को बढ़ावा देने अदाणी फाउंडेशन की एक और पहल



**लखनपुर,प्रतिदिन राजधानी**

सरगुजा जिले के लखनपुर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के द्वारा विद्यालय के लिए 20 सीटों वाली नई स्कूल बस प्रदान की गई। इसका उद्देश्य लखनपुर के आसपास के ग्राम भरतपुर, गणेशपुर, झँवरपारा, कोसांगा, इत्यादि सहित कुल 11 ग्रामों के 82 बच्चों को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित कराना है। बस का लोकार्पण व हस्तांतरण मुख्य अतिथि आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा ने फीता काटकर और बस के जरूरी कागजातों को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मधू पांडे को सौंपकर किया। इस दौरान आरआरवीयूएनएल के उप मुख्य अभियंता लालचंद बरेसाह, अदाणी इंटरप्राइसेस, सरगुजा के क्लस्टर एचआर हेड राम द्विवेदी, भू विभाग प्रमुख राजेश साव, अदाणी फाउंडेशन सरगुजा के प्रमुख अशोक पांडा, और अमित राय मौजूद थे। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य एवं व्यवस्थापक विजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सन्नी बंसल, वार्ड पार्षद राकेश साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष आशीष मंगल, सुनील अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, स्कूल के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल के परामर्श से आरआरवीयूएनएल के परसा ईस्ट केते बासेन खदान के सामाजिक सरोकार के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्कूल बस को करीब 20 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल वर्मा ने कहा कि, आरआरवीयूएनएल क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मैँ आशा करता हुँ कि इस बस के संचालन से आसपास के ग्रामीण इलाकों से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आवागमन का एक सुरक्षित सहायता उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा आरआरवीयूएनएल और अदाणी फाउंडेशन का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र में ढांचागत विकास की श्रंखला में खदान के पास के 14 गावों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में मरम्मत तथा बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं एवं पक्के शौचालयों का निर्माण, गांव में सड़क निर्माण एवं यात्री प्रतीक्षालयों के मरम्मत तथा सौंदरीकरण इत्यादि के कार्य शामिल है।






GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (C.G.)
(CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://cproc.cgstate.gov.in
CORRIGENDUM NO. I
NIT No.: 01_/SAC/25-26 Dated: 01-04-2025 System Tender No. 166439 (2nd Call)

Whose G No. 252600167 due to including Chhattisgarh Government WRD Mantralaya Mahanadi Bhavan, Nava Raipur, Atal Nagar Letter No. Letter No. 1664/F-7-7/S-2/31/2001 dated 09-04-2025 and letter 1751/F-7-7/S-2/31/2001 Dated 21-04-2025 in tender document from B (Envelope C) following amendments are made :-

| S. No. | Particulars | Previous Published | Amendments as |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid due date and time | Date 21.04.2025 (Time 17.30 Hours | Date 05.05.2025 (Time 17.30 Hours) |
| 2 | Bid Open Start date and time | Date 22.04.2025 (Time 11.30 Hours | Date 06.05.2025 (Time 11.30 Hours) |

Note: All other terms and conditions of NIT will remainunchanged and the detailsamendment can be seen in Chhattisgarh https://eproc.cgstate.gov.in website

Executive Engineer
Water Resources Division, Kondagaon
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

G-252600498/9












## कार बम धमाके में रूस के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की मौत, जांचकर्ता घटनास्थल पर मौजूद

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की कार बम धमाके में मौत हो गई है। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी ने यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने बताया कि रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुख्य संचालन विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की कार में विस्फोटक उपकरण लगाया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना मॉस्को के पास बालाशिखा शहर में हुई।

समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने कहा कि यह विस्फोटक उपकरण छोटे-छोटे लोहे के टुकड़ों से लैस था। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता घटनास्थल पर मौजूद हैं।

रूसी मीडिया में एक जलते हुए वाहन के वीडियो को दिखाया जा रहा है, जो एक अपार्टमेंट के आंगन में खड़ा था। जांच समिति ने किसी भी संदिग्ध का जिक्र नहीं किया है।

इससे पहले, 17 दिसंबर को लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की बम धमाके में मौत हो गई थी। उनके अपार्टमेंट के बाहर खड़े एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में बम उस समय फट गया था, जब वे अपने दफ्तर के लिए निकल रहे थे। रूसी अधिकारियों ने किरिलोव की हत्या के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कबूली आतंकियों के समर्थन की बात

## कहा- अमेरिका के लिए ये गंदा काम कर रहे



**इस्लामाबाद।** अब तक आतंकवाद और आतंकियों का समर्थन न करने की बात कह रहे पाकिस्तान की बड़ी पोल खुली है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकियों को समर्थन और प्रशिक्षण देने की बात कबूल की है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले तीन दशक से पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन और प्रशिक्षण दे रहा है। उन्होंने इसका दोष अमेरिका और पश्चिमी देशों पर मढ़ दिया।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हम तीन दशकों से अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। यह एक गलती थी और पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमले नहीं होते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।

### भारत पर लगाया पहलगाम हमला कराने का आरोप

पाकिस्तानी मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत ने पाकिस्तान के लिए संकट पैदा करने की कोशिश करते हुए पहलगाम आतंकी हमला कराया है। उन्होंने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा अब अस्तित्व में नहीं है। मैंने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बारे में कभी नहीं सुना। लश्कर एक पुराना नाम है। इसका कोई अस्तित्व नहीं है। हमारी सरकार ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद का शिकार रहा है।

### युद्ध की दी गीदड़भभकी

पहलगाम हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई की तैयारी पर रक्षा मंत्री ने युद्ध की गीदड़भभकी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यापक हमला या ऐसा कुछ होता है, तो जाहिर है कि व्यापक युद्ध होगा। दो परमाणु शक्तियों के बीच टकराव हमेशा चिंताजनक होता है।

### हमले में 26 पर्यटकों की हुई थी मौत

बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित लश्कर ए तैयबा के संगठन टीआरएफ के आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद भारत सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया। साथ ही पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंध भी कम कर लिए हैं। भारत ने पाकिस्तान के उच्चायुक्त को एक हफ्ते में देश छोड़ने का निर्देश दिया है। आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना भी अलर्ट पर है।

# पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार आज

## मुर्मू, ट्रंप-जेलेंस्की समेत कई राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन के सेंट पीटर स्कवायर में होगा। इसके लिए शुक्रवार से विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष रोम पहुंचने लगेंगे। पोप के अंतिम संस्कार में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समेत कई राष्ट्राध्यक्ष पहुंच रहे हैं।

पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें 'पीपुल्स पोप' (लोगों के प्रिय पोप) के रूप में जाना जाता था। वे लैटिन अमेरिका से पोप बनने वाले पहले व्यक्ति थे। निधन के बाद बुधवार से सेंट पीटर्स बेसिलिका में लोग उनके अंतिम दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार शाम को पोप फ्रांसिस के ताबूत को अंतिम संस्कार के लिए सील कर दिया जाएगा। वेटिकन ने कहा कि अंतिम संस्कार में 130 प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। इसमें 50 राज्य प्रमुख और 10 शासक शामिल हैं।

### श्रद्धांजलि देने उमड़ा सैलाब

पोप फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका के केंद्रीय गलियारे में हजारों लोग पहुंचे। पोप के अंतिम दर्शन के लिए लोगों ने घंटों तक लाइन में लगकर इंतजार किया। गुरुवार शाम तक 90,000 से ज्यादा लोग बेसिलिका की मुख्य वेदी के सामने रखे फ्रांसिस के खुले ताबूत के पास से गुजर चुके थे।एमानुएला बिस्को ने फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए काम से छुट्टी ली। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस भूले-बिसरे लोगों के पोप थे, जो सबसे सरल लोगों, बेघर लोगों के करीब थे जिन्हें दूर नहीं किया गया था। मुझे उम्मीद है कि अगला पोप उनके स्तर का होगा और उनके संघर्ष, उनके खुलेपन, उनके द्वारा किए गए हर काम को जारी रखेगा।

### कार्डिनल्स की होगी बैठक

नए पोप को चुनने के लिए नौ दिनों के सार्वजनिक शोक के बाद पांच मई के बाद चर्चा शुरू होगी। जबकि अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए तमाम कार्डिनल भी रोम पहुंच रहे हैं। सप्ताहांत के लिए ब्रेक लेने से पहले वे शुक्रवार को फिर से मिलेंगे। इतालवी कार्डिनल फर्नांडो फिलोनी ने कहा कि हम तैयारी कर रहे हैं, लेकिन हमने अभी भी अधिक गहन चरण में प्रवेश नहीं किया है। हम संगठनात्मक चरण में हैं।

### गरीब और जरूरतमंद लोग देंगे श्रद्धांजलि

वेटिकन ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों का एक समूह शनिवार को दफनाने के लिए सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में पहुंचने पर पोप के ताबूत से मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि देगा। कब्र को बेसिलिका के भीतर एक लकड़ी के अवरोध के पीछे तैयार किया जा रहा है। वेटिकन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में संगमरमर का मकबरा फुटपाथ पर सपाट रखा हुआ दिखाई दे रहा है, जिस पर लैटिन में कुछ लिखा है।

### ये राष्ट्राध्यक्ष होंगे अंतिम संस्कार में शामिल

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप
- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों
- ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टार्मर
- प्रिंस विलियम
- स्पेन के राजा फेलिप VI और रानी लेटिजिया
- हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ओर्बन
- ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा



## थाई पुलिस का विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त, उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के लोकप्रिय तटीय शहर के पास एक छोटा पुलिस विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में इसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता अर्चायोन क्रैथोंग ने बताया कि विमान सुबह 8 बजे दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हुआ, हिन जिले में पैराशूट प्रशिक्षण की तैयारी के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था।

जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों ने तुरंत प्रोपेलर विमान का मॉडल साझा नहीं किया, लेकिन घटनास्थल से ली गई तस्वीरों में वाइकिंग डीएचसी-6 ट्विन ओटर दिखाई दे रहा है। प्राचुआब किरी खान प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि विमान हुआ हिन हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। तस्वीरों में विमान को तट से लगभग 100 मीटर दूर समुद्र में दिखाया गया। विमान का ढांचा दो हिस्सों में टूटा हुआ दिखाई दे रहा है।

अर्चायोन ने बताया कि विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे। पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। आर्कियोन ने कहा कि अधिकारी विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा सहित साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं।

# UN में उठा पहलगाम हमले का मुद्दा

## सभी एक सुर में बोले- नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार नहीं



**संयुक्त राष्ट्र।** पहलगाम हमले का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में भी उठा है। हमले की वैश्विक नेताओं ने भी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार नहीं है। इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनानाः एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत के कश्मीर में पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। आइए हम पीड़ितों को याद करें और निर्दोष लोगों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों द्वारा की गई इस नृशंस और अमानवीय हिंसा की स्पष्ट रूप से निंदा करें। एक राष्ट्र के रूप में हम इस बड़ी क्षति पर शोक मना रहे हैं। मैं इस दुख की घड़ी में भारत के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को धन्यवाद देता हूं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले में जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करता है। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया को नागरिकों और पर्यटकों के खिलाफ किए गए ऐसे आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए। जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। उन्होंने भारत के उन सभी मित्रों और भागीदारों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने संवेदना व्यक्त की। इस कठिन समय में हमारे साथ एकजुटता दिखाई और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की।

अवर महासचिव और डिजिटल क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल ने भी आतंकी हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत नॉरबर्टो मोरेटी ने भी आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मुख्य डिजिटल अधिकारी रॉबर्ट ओप ने हमले पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं हाल ही में हुए हमले के पीड़ितों के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण सुंदरराजन ने कहा कि मैं भारत सरकार और हाल ही में हुए अक्षम्य आतंकी हमले में नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# 'फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं', मैक्रों ने की पीएम मोदी से बात

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहलगाम आतंकी हमले के बारे में बात की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, 'भारत के लोग इस तरह के कठिन समय में फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट रहे हैं और हमेशा एकजुट रहेंगे।'

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की थी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सा'आर समेत तमाम लोग शामिल हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने भी आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी।

### नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने भी किया फोन

इस बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया, 'नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए दुखद और अमानवीय सीमा पार आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए नीदरलैंड के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है।'

### ईरान ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी

भारत में ईरान के दूतावास ने ट्वीट कर लिखा था, 'इस्लामी गणराज्य ईरान का दूतावास जम्मू और कश्मीर के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए। हम भारत सरकार और भारत के लोगों, विशेष रूप से इस हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।'

### UN में उठा पहलगाम हमले का मुद्दा

पहलगाम हमले का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में भी उठा है। हमले की वैश्विक नेताओं ने भी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनानाः एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।



छत्तीसगढ़ को मिला नया मनोरंजन केंद्र

# रायपुर में जोरा मॉल और मल्टीप्लेक्स का भव्य उद्घाटन






**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर का जोरा मॉल और मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ हुआ। सात एकड़ के विशाल रकबे में निर्मित इस आधुनिक परिसर का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहे। यह मॉल और मल्टीप्लेक्स रायपुरवासियों के लिए मनोरंजन और खरीदारी का नया केंद्र बनने जा रहा है, जो दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के मॉल्स की तर्ज पर बनाया गया है। जोरा मॉल और मल्टीप्लेक्स छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जहां पीवीआर लक्स की शुरुआत हुई है। यह मल्टीप्लेक्स पांच अत्याधुनिक ऑडिटोरियम से सुसज्जित है, जिसमें चार मेन स्ट्रीम स्क्रीन और एक लक्जरी स्क्रीन शामिल हैं। इन ऑडिटोरियम्स में कुल 973 सीटें हैं, जो दर्शकों को आरामदायक और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई हैं। प्रत्येक मेन स्ट्रीम ऑडिटोरियम को हरे, नीले, और सुनहरे रंगों की थीम पर सजाया गया है, जिसमें विशेष पैनल डिजाइन और सौम्य परिवेश प्रकाश व्यवस्था का उपयोग किया गया है। सभी ऑडिटोरियम्स नवीनतम सिनेमाई तकनीकों से लैस हैं, जो दर्शकों को विश्व स्तरीय सिनेमा अनुभव प्रदान करेंगे। जोरा के मालिक विजय झंवर ने उद्घाटन समारोह में कहा, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़वासियों को रायपुर में ही मुंबई और दिल्ली जैसे मॉल और मल्टीप्लेक्स का अनुभव देना है। हमने इस परियोजना में आधुनिक सुविधाओं और स्थानीय संस्कृति का समावेश किया है, ताकि यह स्थानीय लोगों के लिए गर्व का विषय बने। उन्होंने बताया कि मॉल में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को भी स्थान दिया गया है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

पीवीआर आइनॉक्स के सीईओ प्रमोद अरोड़ा ने मल्टीप्लेक्स की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह मल्टीप्लेक्स तकनीकी नवाचार और दर्शकों के आराम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक स्क्रीन को आधुनिक साउंड सिस्टम और हाई-डेफिनिशन प्रोजेक्शन से सुसज्जित किया गया है। हमारा उद्देश्य रायपुर के सिनेमा प्रेमियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि लक्जरी स्क्रीन विशेष रूप से प्रीमियम दर्शकों के लिए डिजाइन की गई है, जहां अतिरिक्त आराम और व्यक्तिगत सेवाएं उपलब्ध होंगी। जोरा मॉल और मल्टीप्लेक्स के खुलने से रायपुर में पर्यटन और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना न केवल मनोरंजन और खरीदारी का केंद्र बनेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे छत्तीसगढ़ के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा, जोरा मॉल रायपुर को आधुनिकता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह छत्तीसगढ़ की प्रगति का प्रतीक है। यह मॉल और मल्टीप्लेक्स रायपुर के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को नया आयाम देगा, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने शिक्षण उत्कृष्टता को बढ़ाने हेतु एक अंतर्दृष्टिपूर्ण संकाय विकास कार्यक्रम का किया आयोजन...

◆ **एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के प्रोफेसर दिनेश सेठ ने छात्र जुड़ाव और शैक्षणिक नवाचार पर विचारोत्तेजक सत्र का किया नेतृत्व...**







**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

शैक्षणिक उत्कृष्टता और संकाय सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) ने छात्र जुड़ाव बनाए रखने और शैक्षणिक प्रथाओं को निरंतर विकसित करने में निपुणता बढ़ाने शीर्षक से एक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र में प्रख्यात अतिथि वक्ता प्रोफेसर दिनेश सेठ, प्रोफेसर और डीन, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एसआरयू के कुलपति (प्रभारी) प्रोफेसर आर.आर.एल. बिराली के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने जिम्मेदार, अच्छी तरह से सूचित नागरिकों को पोषित करने के यूनिवर्सिटी के मिशन का परिचय दिया और इस बात पर जोर दिया कि ज्ञान आवश्यक है, लेकिन इसका वास्तविक मूल्य इसके व्यावहारिक अनुप्रयोग में निहित है।

अपना व्याख्यान से पूर्व, प्रो. दिनेश सेठ ने शिक्षण पेशे में सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को समझने के लिए संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। अकादमिक जगत की पुनर्कल्पना: उद्देश्य, प्रगति, संभावनाएं और मार्ग पर केंद्रित उनके संबोधन ने शैक्षणिक संस्कृति को बदलने के बारे में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने संस्थागत प्रतिष्ठा बढ़ाने में संकाय अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया और सामाजिक पदानुक्रम, सामाजिक और सीखने के नेटवर्क और अनुकूली सीखने की संरचनाओं जैसी अवधारणाओं का पता लगाया। कार्यक्रम की थीम को सुदृढ़ करने के लिए, एक इंटरैक्टिव गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें दिखाया गया कि कैसे सीमित संसाधनों के साथ भी नवीन सोच पनप सकती है - बाधाओं से पैदा हुई बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन।

# किसानों को मिलेगा सस्ता और सरल ऋण : सांसद बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण योजना प्रारंभ की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी जी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर सूचित किया है कि ?1000 करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य कटाई के बाद कृषि उपज पर e-NWR (ई-नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीदों) के माध्यम से ऋण सुविधा को बढ़ावा देना है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को मजबूरी में अपनी फसल औने-पौने दामों में बेचने से रोकना है। इसके अंतर्गत किसान अपनी उपज को WDRA (वेयरहाउस डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन अथॉरिटी) द्वारा मान्यता प्राप्त गोदामों में जमा कर e-NWR के माध्यम से गिरवी ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा।

सांसद अग्रवाल ने बताया कि इस योजना को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने ई-किसान उपज निधि (e-KUN) नामक एक डिजिटल ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है, जिससे किसान विभिन्न बैंकों में सरलता से ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही, CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता कर किसानों को पोर्टल और गोदाम पंजीकरण की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अग्रवाल ने कहा, मैं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे यह जानकारी उपलब्ध कराई। मैं छत्तीसगढ़ के किसानों, FPOs, सहकारी समितियों और कृषि व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों से अनुरोध करता हूँ कि वे इन योजनाओं की जानकारी लें और इसका भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि वे अपने संसदीय क्षेत्र रायपुर में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों तक इन योजनाओं की जानकारी पहुँचाएँगे, ताकि किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और कृषि को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर किया जा सके।

# मिनीमाता का पूरा जीवन मानवता एवं जन कल्याण के लिए समर्पित : अरुण साव



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि सतनामी समाज एवं छत्तीसगढ़ के गौरव पूर्व सांसद स्वर्गीय मिनीमाता का जीवन जन सेवा एवं संघर्षों में व्यतीत हुआ है। उन्होंने गरीबों, दीन-हीनों एवं जरूरतमंदों की सेवा में आजीवन अपने आप को समर्पित किया था। उनका पूरा जीवन मानवता एवं जन कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भंडेरा में आयोजित स्वर्गीय मिनीमाता के मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद और डोमन लाल कोर्सेवाड़ा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि उस दौर में जब महिलाओं को अपने घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी, स्वर्गीय मिनीमाता को छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ था। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचित वर्गों के साथ-साथ पीड़ित मानवता की सेवा में मिनीमाता का योगदान अनुपम एवं अद्वितीय है। हम सभी को गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की सीख मिनीमाता से लेना चाहिए।

सांसद भोजराज नाग ने वंचित वर्गों के कल्याण तथा समाज के नवनिर्माण में स्वर्गीय मिनीमाता के योगदानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मिनीमता ने जीवन पर्यंत समाज में फैली कुरीतियों और विसंगतियों को दूर करने में बहुमूल्य भूमिका निभाई। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने स्वर्गीय मिनीमाता के योगदानों को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज के शोषित, पीड़ित एवं वंचित वर्गों का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि आप सबकी कृपा और आशीर्वाद से ग्राम भंडेरा के मेरे जैसे एक साधारण व्यक्ति को विधायक बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

# नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण हुआ कर्जमुक्त

**मुख्यमंत्री साय की नीतियों से मिला वित्तीय स्वावलंबन**




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर से एक प्रेरणादायक और सुखद खबर सामने आई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।

नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ की आधुनिक और नियोजित राजधानी, के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिया गया था। यह कर्ज भूमि अधिग्रहण, सड़कों, शासकीय भवनों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे हिदायतुल्लाह विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए था। हालांकि, कर्ज के बोझ और ब्याज भुगतान ने प्राधिकरण के नगदी प्रवाह को प्रभावित किया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय स्वावलंबन पर जोर देते हुए ऐसी नीतियाँ लागू कीं, जिन्होंने प्राधिकरण की आय बढ़ाई और कर्ज से छुटकारा दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊँचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों ने प्राधिकरण की संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया। मेडिसिटी, फार्मास्यूटिकल पार्क, देश की विख्यात पॉलिमैटेक कंपनी के सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की पहल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निजी निवेश को आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के लिए 1043 करोड़ रूपए का प्रावधान और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त धन आवंटन ने आय के स्रोतों को मजबूत किया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के तहत व्यापारियों को राहत ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को मिला है।

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गयी है, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा। नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की यह उपलब्धि वित्तीय अनुशासन और रणनीतिक नियोजन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह देश के अन्य शहरी विकास प्राधिकरणों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य नवा रायपुर को न केवल छत्तीसगढ़ की गौरवशाली राजधानी बनाना है, बल्कि इसे देश के लिए एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित करना है।

आज लॉन्च होने जा रहा है रहेजा ग्रुप का नया प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा'

# 'रहेजा अम्बारा' लॉन्च: प्रीमियम लोकेशन, मॉडर्न सुविधाएं और निवेश का स्मार्ट मौका




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर रहेजा ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर के पिरदा क्षेत्र में प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा' आज लॉन्च होने जा रहा है। इस दो दिवसीय लॉन्च इवेंट (26 और 27 अप्रैल) के दौरान बुकिंग करने वाले ग्राहकों को विशेष लॉन्च बेनिफिट्स का लाभ मिलेगा। 'लिव लाइफ लिमिटलेस' की सोच पर बना यह प्रोजेक्ट ऐसी जीवनशैली देता है जिसमें आराम, आधुनिक सुविधाएँ, अच्छी कनेक्टिविटी और हर उम्र के लोगों के लिए ज़रूरी चीज़ें एक ही जगह मिलती हैं।

लोकेशन की दृष्टि से यह प्रोजेक्ट बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ स्थित है। रायपुर एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे, नया रायपुर, विधानसभा रोड के अलावा, यह शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स और विभिन्न शॉपिंग डेस्टिनेशन्स से भी जुड़ा हुआ है। यह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड है और सभी शासकीय अनुमतियों से अनुमोदित है। इस प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषता इसके चार बेहतरीन गार्डन्स हैं, जिन्हें प्रत्येक सेक्टर में इस प्रकार विकसित किया गया है कि निवासियों को प्रकृति के और निकट रहने का अनुभव मिले।

इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट में एक अत्याधुनिक क्लब हाउस की सुविधा होगी, जिसमें स्विमिंग पूल, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, टॉडलर्स प्ले एरिया, इंडोर गेम्स ज़ोन, बैंकेट हॉल, मिनी थिएटर, वेल इक्विप्ड जिम और गेस्ट रूम जैसी प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। खेल प्रेमियों के लिए प्रोजेक्ट में लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, पिकलबॉल कोर्ट और स्केटिंग रिंक जैसी आउटडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं भी शामिल की गई हैं। अन्य प्रमुख सुविधाओं में किड्स प्ले एरिया, ओपन जिम, मंदिर और सुंदर लैंडस्केप्ड गार्डन्स शामिल हैं, जो निवासियों को एक सम्पूर्ण और संतुलित जीवनशैली प्रदान करते हैं। रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय रहेजा ने कहा, हमारा उद्देश्य लोगों को बेस्ट लोकेशन और फ्यूचर-रेडी प्लॉटिंग सॉल्यूशंस देना है। रहेजा अम्बारा न केवल एक सुरक्षित व सुव्यवस्थित निवास विकल्प है, बल्कि एक स्मार्ट निवेश भी है।

पिछले दो दशकों से रायपुर में लगातार गुणवत्ता, समयबद्धता और ग्राहक संतुष्टि के मूल सिद्धांतों पर काम करते हुए रहेजा ग्रुप ने 12 से अधिक प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। रहेजा निर्वाणा के तीनों फेज़ को मिले जबरदस्त प्रतिसाद के बाद, अब 'रहेजा अम्बारा' के माध्यम से रहेजा ग्रुप एक बार फिर रियल एस्टेट में नए मानक स्थापित करने जा रहा है।

# बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

स्माल फाईनेस बैंकमें नकली सोना गिरवी रखकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राज्यीय समेत तीन आरोपी को पुलिस ने आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में अनिल होतवानी निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर, विक्की बाधवानी निवासी महावीर नगर रायपुर, गौरव वर्मा निवासी पथवारी बेलन जिला आगरा (उ.प्र.) शामिल है। तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाईल फोन, नकली सोना, रसीद एवं पासबुक जब्त कर कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया पूजा झा ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ई.एस.ए.एफ स्माल फाईनेस बैंक लिमिटेड शाखा देवेन्द्र नगर में ब्रांच मैनेजर के पद पर वर्ष 2022 से कार्यरत है। अनिल कुमार होतवानी निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा पीड़ित के बैंक में 18 अप्रैल 2024 को बचत बैंक खाता खुलवाया गया और 18 अप्रैल 2024 एवं 25 अप्रैल 2024 को 2-2 गोल्ड लोन कुल 10 नग सोने की चूडी कुल वजनी 208.80 ग्राम बैंक में जमा कर कुल रकम 10,05,738 रुपये का लोन लिया गया था। अनिल होतवानी द्वारा गिरवी रखे गये सोने के चूडी को बैक के इंटर्नल आडिट किये जाने पर नकली सोने का चूडी होना बताया गया। तब पीड़ित द्वारा अन्य ज्वेलर्स से भी तस्दीक कराया गया, जिनके द्वारा भी नकली सोना होना बताया गया। इस प्रकार अनिल होतवानी के द्वारा बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर लोन प्राप्त कर धोखाधडी किया गया।

# सरकारी ऑफिस में घुसकर महिला को सूजा से गोदा




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मंदिर हसौद नगर पालिका के ऑफिस में सोमवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला कर्मचारी पर उसके EX पति ने अचानक लोहे के सूजा से हमला कर दिया। घटना इतनी तेज़ और अप्रत्याशित थी कि वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। तृप्ति मिश्रा, जो कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम कर रही हैं, रोज़ की तरह अपने डेस्क पर बैठी थीं। तभी अचानक उनके पूर्व पति दिनेश मिश्रा ऑफिस में घुसा और सूजा लेकर ताबड़तोड़ वार करने लगा। पीठ और सीने में कई गंभीर घाव लगने के बाद तृप्ति ज़मीन पर गिर पड़ीं—खून से लथपथ और बेसुध। सूचना मिलते ही ऑफिस स्टाफ ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी मंदिर हसौद पहुंचाया। मौके पर मौजूद लव मिश्रा ने सबसे पहले तृप्ति की मां को कॉल कर घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों में इस बर्बर हमले को लेकर भारी आक्रोश है। दिनदहाड़े सरकारी दफ्तर में हुई ये घटना न सिर्फ सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ा देती है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444